रोहतक
बुधवार 11 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 30, अंक : 08
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 27.9
न्यून. 7.2

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 84,273.92 | 208.17 ▲ |
| निफ्टी | 25,935.15 | 67.85 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 1,60,000/- | 1000/- ▼ |
| चांदी | 2,56,000/- | 800/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 90.57 | 9 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 68.93 बैरल | 0.16% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।




## सरकार लाएगी पॉलिसी, ऐसा करने वाला पहला राज्य होगा हरियाणा

# अब मेलों में नहीं जाएगी जान झूलों की रोजाना होगी जांच

### सूरजकुंड मेला हादसे के बाद सरकार अलर्ट ▶▶ एसओपी होगी तैयार

**योजना का उद्देश्य झूलों और मनोरंजन साधनों को पूरी तरह सुरक्षित बनाना**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

फरीदाबाद के सूरजकुंड मेले में हुए झूला हादसे के बाद हरियाणा सरकार अलर्ट हो गई है। सरकार अब इन मेलों और एडवेंचर झूलों को लेकर एक फेयर पॉलिसी लेकर आएगी। इसे लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने घोषणा कर दी है। इस तरह की पॉलिसी बनाने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य होगा। इस पॉलिसी के तहत, कई दिनों तक चलने वाले बड़े आयोजनों में राइड और इसी तरह के सेटअप का दैनिक निरीक्षण अनिवार्य किया जाएगा। ऐसे जोन स्थापित करने के लिए विक्रेताओं और संबंधित विभागों के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) तैयार की जाएगी। बता दें कि, 7 फरवरी की शाम को 6 बजे सूरजकुंड मेला में सुनामी झूला टूटकर गिर गया था। जिसमें हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद की मौत हो गई थी, जबकि 12 लोग घायल हो गए थे।

### सुरक्षा नियमों का करना होगा पालन, इंश्योरेंस पॉलिसी बनेगी

**अभी निश्चित प्रोटोकाल नहीं**

हरियाणा में अभी मेलों में लगने वाले एडवेंचर राइड्स के लिए कोई निश्चत प्रोटोकाल नहीं बना हुआ है। आयोजक अपने स्तर पर ही इसके लिए प्रोटोकाल सेट करते हैं और उसी पर ही राइड संचालक काम करते हैं। राइड्स के आयोजन से पहले निरीक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। अधिकतर मामलों में, संबंधित विभाग के अधिकारी विक्रेता की पिछली रेटिंग या सिक्योरिटी प्रोटोकॉल के पालन के संबंध में दिए गए हलफनामे पर भरोसा करते हैं।



**परमिशन का अभी ये प्रावधान**

हरियाणा में मेलों के आयोजन की परमिशन मुख्य रूप से जिला प्रशासन, विशेषकर संबंधित जिले के उपायुक्त या जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दी जाती है। पशु मेलों के लिए पशुपालन विभाग और सांस्कृतिक बड़े मेलों के लिए पर्यटन विभाग की भूमिका होती है। लोकल लेवल पर, उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) या पुलिस प्रशासन की अनुमति आवश्यक होती है। बड़े मेले, जैसे सूरजकुंड मेला के लिए सूरजकुंड मेला प्राधिकरण और उपायुक्त संयुक्त रूप से परमिशन देते हैं।

**ऐसी होगी एसओपी**

**सेफ्टी एंड ट्रेनिंग:** सभी गतिविधियां अनिवार्य रूप से प्रशिक्षित पेशेवरों की निगरानी में की जाएंगी, इसके अलावा सिक्योरिटी एक्यूपमेंट का प्रयोग जरूरी होगा।
**एडवेंचर स्पोर्ट्स इंश्योरेंस:** संचालक को चोट लगने या गंभीर हादसे (मृत्यु-विकलांगता) की स्थिति में बीमा योजना देनी होगी।
**टर्म एंड कंडीशन:** प्रतिभागियों को संचालक द्वारा निर्धारित नियम और सुरक्षा नियमों का पालन करना होता है। लापरवाही की स्थिति में, कवरेज मान्य नहीं हो सकती है।
**प्रतिबंध और सीमाएं:** गतिविधियों के आधार पर आयु, स्वास्थ्य स्थिति या शारीरिक क्षमता संबंधी सीमाएं हो सकती हैं।

## लाडो लक्ष्मी की चौथी किस्त जारी 922452 खातों में 193 करोड़ आए

- मुख्यमंत्री बोले-किसी की पेंशन नहीं कट रही
- अब तक चार किस्तों में 634 करोड़ की राशि जारी हो चुकी

चंडीगढ़। दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की चौथी किस्त मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जारी की। सीएम सैनी ने कहा कि योजना के तहत 9 लाख 22 हजार 452 लाभार्थी बहनों के खातों में 193 करोड की राशि डाली गई है। अब तक चार किस्तों में 634 करोड़ रुपये की राशि सरकार जारी कर चुकी है। सीएम ने बताया कि किसी की पेंशन नहीं कट रही। वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग व अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन भी जारी की गई है। इन योजनाओं के तहत 34 लाख 14 हजार लाभार्थियों को 1 हजार 98 करोड़ रुपये की राशि की जारी की गई है। सीएम ने बताया कि हर घर हर ग्रहणी योजना के तहत 12 लाख 62 हजार बहनों के बैंक खातों में नवंबर और दिसंबर माह की सब्सिडी डाली गई है। गैस सिलेंडर रिफिल करवाने वाली बहनों के बैंक खातों में 38 करोड़ 97 लाख रुपये की सब्सिडी डाली गई है।

# जब तक अविश्वास प्रस्ताव नहीं गिरता तब तक संसद नहीं आऊंगा : बिरला

## लोकसभा में प्रस्ताव पेश, 9 मार्च को होगी चर्चा

नई दिल्ली (एजेंसी)। विपक्ष ने मंगलवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश कर दिया। इसमें 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। ओम बिरला अब लोकसभा नहीं जाएंगे। अविश्वास प्रस्ताव के गिरने के बाद ही वह स्पीकर की चेयर संभालेंगे। एजेंसी के मुताबिक विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में 9 मार्च को चर्चा हो सकती है। 13 फरवरी को बजट सत्र के वर्तमान सेशन का आखिरी दिन है। इसके बाद 8 मार्च से सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होगी। इससे पहले बजट सत्र के 10वें दिन संसद दो बार स्थगित हुई।


नोटिस पर 118 सांसदों के हस्ताक्षर

### किताब विवाद पर नरवणे ने तोड़ी चुप्पी

इस बीच पूर्व सेना प्रमुख ने मंगलवार को विवाद पर विराम लगा दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किताब से संबंधित प्रकाशक पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के आधिकारिक बयान को रीपोस्ट किया। नरवणे ने एक्स पर लिखा कि किताब की वर्तमान स्थिति यह है। जिसमें प्रकाशक ने कहा है कि किसी किताब या उसके प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध होने की घोषणा को पब्लिकेशन नहीं माना जाना चाहिए। इसके साथ पब्लिकेशन हाउस ने कहा है कि प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध किताब और पब्लिश हुई किताब एक ही बात नहीं हैं।
**पेंगुइन बोली- कोई भी हिस्सा पब्लिक नहीं किया :** प्रकाशन कंपनी पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने कहा कि नरवणे की किताब अभी पब्लिश नहीं हुई है। पब्लिशिंग के सभी राइट्स हमारे पास हैं। अब तक किताब की न तो कोई छपी हुई और न ही डिजिटल कॉपी सामने आई है।


प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध किताब व पब्लिश हुई किताब एक ही बात नहीं

## ग्रुप-सी चरण-II के 4,227 पदों के लिए 23 तक करें आवेदन

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा में 4,227 पदों पर भर्ती के लिए मंगलवार से ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह भर्ती कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) चरण दो ग्रुप-सी के तहत की जाएगी। हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एचएसएससी) द्वारा इसी साल निकाले गए विज्ञापन संख्या 04/2026 के अंतर्गत विभिन्न पदों पर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। एचएसएससी चेयरमैन हिम्मत सिंह ने खुद इसकी जानकारी साझा की। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अपना आवेदन पत्र अंतिम तिथि 23 फरवरी 2026 रात 11.59 बजे से पहले यथाशीघ्र भरें।

## मथुरा में घर के कमरे में मिली 5 लोगों की लाशें

**मृतकों में दंपति व 3 बच्चे, किचन की दीवार समेत 3 जगह सुसाइड नोट बरामद**

मथुरा (एजेंसी)। एक ही घर के कमरे से एक ही परिवार के 5 लोगों की लाशें मिलीं। मृतकों में पति, पत्नी और 3 बच्चे शामिल हैं। कमरे में बेड पर मां, एक बेटी-बेटा मिले। दूसरी बेटी चारपाई पर पड़ी थी, जबकि पति का शव फर्श पर मिला। पुलिस के अनुसार, पति ने पहले पत्नी की हत्या की, फिर बच्चों की जान ली। बाद में खुद करंट लगाकर आत्महत्या कर ली। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि घटना का पता उस समय चला, जब सुबह बच्चे दिखाई नहीं दिए। इस पर पड़ोस में रहने वाले मनीष के भाई जयकिशन मौके पर पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद होने की वजह से जयकिशन मेन गेट फांदकर अंदर गए। फिर कमरे का दरवाजा तोड़ा। अंदर सभी मृत पड़े मिले। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस को 3 पन्नों का सुसाइड नोट और एक वीडियो मिला है।

# फिर जल उठा मणिपुर : उपद्रवियों ने 25 घर व चार सरकारी क्वार्टर फूंके

एजेंसी ▶▶| इंफाल

**उखरुल में पांच दिन के लिए इंटरनेट बंद, जिले में कर्फ्यू**
**हिंसक झड़प के बाद इलाके में फोर्स तैनात, लितान में आगजनी के बढ़ा तनाव**
**हिंसा के दौरान राइफल से गोलियां भी चलाई गई**

मणिपुर में नई सरकार बनने के एक हफ्ते के भीतर ही हिंसा भड़क गई। उपद्रवियों ने उखरुल जिले के लितान सरेइखोंग गांव में 25 घर और चार सरकारी क्वार्टर में आग लगा दी। हिंसा के बाद पूरे जिले में कर्फ्यू लागू कर दिया गया। 10 फरवरी की सुबह 11:30 बजे से अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। तांगखुल और कुकी जनजातियों के बीच हिंसक झड़प के बाद इलाके में सिक्योरिटी फोर्स मौजूद हैं। हिंसा की शुरुआत 7 फरवरी की शाम लितान सरेइखोंग में हुए एक शराब के नशे में झगड़े से हुई थी, जिसमें तांगखुल नागा समुदाय के स्टर्लिंग नाम के व्यक्ति के साथ मारपीट हुई थी।

**लितान में आगजनी के बाद कर्फ्यू**

उखरुल जिले के लितान इलाके के आसपास गांवों में उपद्रवियों ने कई घरों में आग लगा दी। हिंसा के दौरान राइफल से गोलियां भी चलाई गईं। इलाके में दहशत फैलने के बाद कर्फ्यू लागू किया गया। स्थिति फिलहाल तनावपूर्ण है, लेकिन भारी सुरक्षा तैनाती के चलते काफी हद तक कंट्रोल में है। लोगों ने बिना किसी प्रशासनिक मदद के अपने स्तर पर ही घर छोड़ना शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि लितान थाना पुलिस ने लोगों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की और कानून-व्यवस्था बनाए रखी है।

# गर्लफ्रेंड को गला दबाकर मारा उसी की चुन्नी से लगाई फांसी

**सिरसा में वारदात**
दोनों के शव युवती के रूम से हुए बरामद
**गले पर मिले उंगलियों के गहरे निशान**

सिरसा (हरिभूमि न्यूज)। एक युवती की उसके बॉयफ्रेंड ने गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद युवक ने गर्लफ्रेंड की ही चुन्नी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। दोनों के शव युवती के रूम से बरामद हुए। युवती के गले पर उंगलियों के गहरे निशान मिले हैं। उसका शव बेड पर पड़ा हुआ था। जांच में पता चला है कि युवती सिमरन उर्फ सिम्मी ऑर्केस्ट्रा में डांसर थी। वह पिछले तीन महीनों से सिरसा में किराए के कमरे में रह रही थी। उसके साथ दो अन्य लड़कियां भी रहती थीं। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि दोनों के बीच किस बात को लेकर विवाद हुआ था। सिरसा में फौजी चौक के पास एक किराए के मकान में मंगलवार सुबह एक युवक और युवती की लाशें मिलीं। मृतकों की पहचान रतिया निवासी सिमरन उर्फ सिम्मी और जींद निवासी सुनील के तौर पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि रात के समय सुनील सिमरन से मिलने आया था।

## बांग्लादेश : चुनाव से पहले हिंदू कारोबारी की हत्या

ढाका (एजेंसी)। बांग्लादेश में 62 वर्षीय हिंदू कारोबारी सुशेन चंद्र सरकार की दुकान में घुसकर धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। यह घटना चुनाव से तीन दिन पहले हुई। पुलिस ने बताया कि हमलावरों ने सुषेन चंद्र सरकार पर हमला करने के बाद दुकान का शटर बंद कर दिया। वह धान के व्यापारी थे और डाकिनकांडा गांव में रहते थे। उनकी दुकान 'भाई भाई एंटरप्राइज' बोगर बाजार के चौराहे पर थी। पुलिस के अनुसार, हत्या रात 11 बजे हुई।



## एआई कंटेंट पर 20 फरवरी से लेबल लगाना जरूरी

**डीपफेक वीडियो-फोटो भी 3 घंटे में हटाने होंगे**

नई दिल्ली। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे एक्स (ट्विटर), यू-ट्यूब, स्नैपचैट और फेसबुक को अब अपने प्लेटफॉर्म पर शेयर किए जाने वाले एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) कंटेंट पर लेबल लगाना होगा। इसके साथ ही डीपफेक वीडियो-फोटो भी 3 घंटे में हटाने होंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मंगलवार को आदेश जारी किया है। इसमें आईटी नियम 2021 में बदलाव किया गया है। बदले हुए नियम 20 फरवरी से लागू होंगे। इसका ड्राफ्ट सरकार ने 22 अक्टूबर 2025 को जारी किया था। नए नियम डीपफेक और एआई से बने कंटेंट को लेबल और ट्रेस करने के लिए हैं।

### शहीद अधिकारी की पत्नी को फैमिली पेंशन देने का आदेश बरकरार

# बंकर में नींद के दौरान सैन्य अधिकारी की मौत भी ड्यूटी के अंतर्गत मानी जाएगी : हाईकोर्ट

**केंद्र सरकार की अपील खारिज**

*कोर्ट ने कहा कि सीमा क्षेत्र में तैनात सैनिक लगातार परिचालन दबाव और जोखिम पूर्ण परिस्थितियों में कार्य करते हैं, इसलिए उनकी मृत्यु का मूल्यांकन केवल घटना के समय की गतिविधि से नहीं, बल्कि संपूर्ण ड्यूटी परिस्थितियों के आधार पर किया जाना चाहिए।*

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हाईकोर्ट ने एक अहम निर्णय देते हुए स्पष्ट किया है कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनाती के दौरान बंकर में सोते समय हुई सैनिक की मृत्यु को भी ड्यूटी के दौरान हुई मृत्यु माना जाएगा। अदालत ने कहा कि यदि सैनिक अधिसूचित आपरेशनल क्षेत्र में तैनात है और उसकी मृत्यु सैन्य सेवा से जुड़ी परिस्थितियों में होती है तो उसके आश्रितों को उच्च श्रेणी की लिबरलाइज्ड फैमिली पेंशन का अधिकार होगा। जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी और जस्टिस विकास सूरी की खंडपीठ ने केंद्र सरकार की अपील को खारिज करते हुए आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल (एएफटी) चंडीगढ़ के 16 मार्च 2023 के आदेश को बरकरार रखा। एएफटी ने दिवंगत सैन्य अधिकारी मेजर सुशील कुमार सैनी की पत्नी अनुराधा सैनी को लिबरलाइज्ड फैमिली पेंशन देने का आदेश दिया था।

**इस स्थिति में पेंशन नहीं दी जा सकती : केंद्र**



केंद्र सरकार ने अदालत में दलील दी थी कि अधिकारी की मृत्यु नींद के दौरान हुई थी, इसलिए इसे आपरेशनल गतिविधि के दौरान हुई मौत नहीं माना जा सकता और अधिकतम स्पेशल फैमिली पेंशन ही दी जा सकती है। हालांकि हाईकोर्ट ने इन तर्कों को अस्वीकार करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी भारत-पाक सीमा पर आपरेशन रक्षक के तहत अधिसूचित आपरेशनल क्षेत्र में तैनात थे और कोर्ट आफ इंक्वायरी की रिपोर्ट में भी उनकी मृत्यु को सैन्य सेवा से संबंधित बताया गया है।

**दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत**

रिकार्ड के अनुसार, घटना वाले दिन सीमा क्षेत्र में घुसपैठ की कोशिश की सूचना मिली थी, जिसके बाद मेजर सैनी ने आवश्यक निर्देश दिए और पूरी स्थिति की निगरानी की। आपरेशनल तनाव और पहले से मौजूद उच्च रक्तचाप की समस्या के कारण उन्हें रात में दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। खंडपीठ ने सरकारी दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि ऐसे मामलों को श्रेणी ई (आई) के अंतर्गत रखा गया है, जिसमें सरकार द्वारा अधिसूचित सैन्य अभियानों के दौरान होने वाली मौतें शामिल हैं।



# आमजन से जुड़े हाईकोर्ट के तीन अहम फैसले

## मनमानी प्रशासनिक कार्रवाई से अर्जित भूमि अधिकारों को नहीं छीना जा सकता

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने पांच दशक पुराने भूमि विवाद का निपटारा करते हुए हरियाणा सरकार की 27 वर्ष पुरानी द्वितीय अपील खारिज कर दी और कहा कि राज्य की मनमानी या दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई नागरिकों के वैध रूप से अर्जित भूमि अधिकारों को समाप्त नहीं कर सकती। जस्टिस वीरेंद्र अग्रवाल ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि प्रशासनिक और अर्ध-न्यायिक प्राधिकरणों को प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करना अनिवार्य है।

■ पांच दशक पुराने भूमि विवाद में सरकार की याचिका खारिज

### 96 कनाल भूमि का मामला

विवाद अंबाला जिले के टंगैल गांव की 96 कनाल भूमि से संबंधित था, जिसे राज्य सरकार ने संत राम, दाता राम और आसा राम सहित वादियों को वर्ष 1966 से 1976 तक 10 वर्ष की लीज पर दिया था। लीज की शर्तों के अनुसार लीज अवधि समाप्त होने पर पात्र लाभार्थियों को रियायती दर पर भूमि खरीदने का अधिकार दिया गया था। वादियों ने निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वर्ष 1976 में 40 रुपये प्रति किल्ला की दर से बिक्री राशि जमा कर भूमि खरीदने का विकल्प प्रयोग किया और संबंधित प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर लिया।

## पीछे के दरवाजे से मिली सरकारी नौकरी को नियमित सेवा के बराबर नहीं माना जा सकता

**चंडीगढ़।** हाईकोर्ट ने एक फैसले में स्पष्ट कर दिया है कि अवैध तरीके से की गई नियुक्ति के आधार पर की गई एडहाक या वर्क-चार्ज सेवा को वरिष्ठता, वेतन निर्धारण या पदोन्नति के लिए नहीं जोड़ा जा सकता, भले ही कर्मचारी को बाद में औद्योगिक न्यायाधिकरण के आदेश से बहाल कर दिया गया हो। अदालत ने कहा कि अवैध नियुक्ति से प्राप्त सेवा को नियमित नियुक्ति के बराबर मानना संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 में निहित समानता के सिद्धांत का उल्लंघन होगा। जस्टिस दीपिंदर सिंह नलवा ने हरियाणा स्टेट कोआपरेटिव लैंड डेवलपमेंट बैंक लिमिटेड की ओर से दायर नियमित द्वितीय अपील स्वीकार करते हुए ट्रायल कोर्ट और निचली अपीलीय अदालत के फैसलों को पलट दिया। दोनों अदालतों ने पहले यह माना था कि बहाली के आदेश के बाद कर्मचारियों की पूर्व सेवा को भी सभी लाभों के लिए जोड़ा जाना चाहिए। मामला दो लिपिकों से जुड़ा था, जिनकी सेवाएं 1977 में समाप्त कर दी गई थी।



■ अवैध नियुक्ति से नहीं मिलेंगे सेवा लाभ

## आपात स्थिति में पैनल अस्पताल में इलाज के लिए बाध्य नहीं कर सकते

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा पुलिस के एक कर्मी को बड़ी राहत देते हुए राज्य सरकार को उसके उपचार पर हुए खर्च की प्रतिपूर्ति करने का आदेश दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि आपात परिस्थितियों में यदि कर्मचारी को गैर-पैनल अस्पताल में इलाज करना पड़े तो केवल इस आधार पर मेडिकल खर्च का दावा अस्वीकार नहीं किया जा सकता।यह आदेश जस्टिस जगमोहन बंसल की पीठ ने बलबीर सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। अदालत को बताया गया कि याचिकाकर्ता वर्ष 2015 में सरकारी ड्यूटी पर समन तामील करने के लिए करनाल से दिल्ली गया था, जहां बस से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया और बेहोश हो गया। राहगीरों ने उसे तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी आपात सर्जरी करनी पड़ी। इलाज पर करीब 1.05 लाख रुपये खर्च हुए, लेकिन विभाग ने यह कहते हुए भुगतान से इंकार कर दिया कि अस्पताल सरकारी पैनल में शामिल नहीं था। राज्य सरकार की ओर से अदालत में दलील दी गई कि नियमों के अनुसार केवल पैनल में शामिल अस्पतालों के उपचार का खर्च ही प्रतिपूर्ति के लिए मान्य है।

■ पुलिस कर्मी को राहत, मेडिकल खर्च ब्याज सहित देने के आदेश

## खेल नर्सरी आवंटन के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

चंडीगढ़। हरियाणा खेल विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दौरान खेल नर्सरी के आवंटन के लिए सरकारी स्कूलों, ग्राम पंचायतों एवं निजी शिक्षण संस्थानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी निर्धारित की गई है। इच्छुक संस्थान विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। नर्सरी केवल ओलंपिक, एशियन एवं कॉमनवेल्थ खेलों में शामिल खेलों के लिए ही खोली जाएंगी।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

5824

मनकि कर्मबीर पुत्र चरण सिहं पुत्र नाहन्हा, निवासी एवं बिस्वेदार गाँव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24 व इंतकाल न0 11334 विरासत व वसीका न0 4877 दिनांक 08.01.2026 के अनुसार खेवट न0 2663/2269, खाता न0 2747, मु0 न0 277, किला न0 15/2/1(2–2), मु0 न0 278, किला न0 11/1/1(0–3), किते 2, तादादी रकबा 2 कनाल 5 मरले का 1/4 भाग, बकदर 0 कनाल 11.25 मरले व खेवट न0 2664/2270, खाता न0 2748, मु0 न0 277, किला न0 15/2/2(0–2), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 2 मरले का 1/12 भाग, बकदर 0 कनाल 0.16 मरला व खेवट न0 2669/2275, खाता न0 2753, मु0 न0 277, किला न0 27(0–10), मु0 न0 278, किला न0 26(0–6), किते 2, तादादी रकबा 0 कनाल 16 मरले का 1/72 भाग, बकदर 0 कनाल 0.22 मरला, उपरोक्त खेवटों से कुल तादादी रकबा 0 कनाल 11.63 मरले (0.0726875 एकड़) वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 277, किला न0 15/2/1 मिन पूर्व (0–8.25), 15/2/2 मिन रास्ताजात (0–0.16), 27 मिन (0–0.14), मु0 न0 278, किला न0 11/1/1(0–3), 26(0–0.08), किते 5, तादादी रकबा 0 कनाल 11.63 मरले (0.0726875 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 10.02.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


## समर्पण दिवस में प्रदेश भर में होंगे कार्यक्रम

चंडीगढ़। भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि को 11 फरवरी के दिन समर्पण दिवस के रूप में मनाने की पूरी तैयारी कर ली है। बुधवार को सभी जिलों में विचार गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा।

# एससी-एसटी मामलों की जांच के लिए थानों में अलग विंग बनेगी, 60 दिनों में चार्जशीट

■ मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक में दी जानकारी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अनुसूचित जाति के कल्याणार्थ कार्य करने वाली उत्कृष्ट पंचायतों को प्रोत्साहन स्वरूप में दी जाने वाली अनुदान राशि 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख करने की घोषणा की। इसके अलावा हर थाने में इन्वेस्टिगेशन विंग की स्थापना करने की भी घोषणा की ताकि जांच कार्य प्रभावित न हो सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अनुसूचित जाति अत्याचार अधिनियम 1989 और नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के प्रावधानों के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए राज्य स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विकास एंव पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्कृष्ट पंचायतों में एससी के विरूद्व अत्याचार न हो, एससी कम्पोंनेंट का पूरा पैसा खर्च किया जा रहा हो, गांव में नशे के विरूद्व अभियान चलाया जाए, पराली न जलाई जाए, पेयजल समस्या का समाधान आदि शामिल किए गए हैं। इसके लिए राज्य, जिला एवं उपमण्डल स्तर पर पंचायत प्रोत्साहन का भी प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एससी, एसटी मामलों में 60 दिनों की अवधि में न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत की जाए।

■ उत्पीड़न रोकने में सराहनीय कार्य कर रही पंचायतों को एक लाख अनुदान मिलेगा




### अनुसूचित जातियों व महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कमी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 2021 से अनुसूचित जाति के अलावा महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में भी कमी दर्ज की गई है। इसके अलावा लूटपाट, सम्पति के विरूद्ध तथा धमकी देने के मामलों में भी कमी आई है। उन्होंने कहा कि एससी जाति के विरूद्ध अत्याचार या उत्पीड़न किसी भी स्तर पर सहन नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में तुरंत कार्यवाही की जानी चाहिए। इसके अलावा यदि कोई झूठी शिकायत दर्ज करवाता है तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। आपसी समझौते वाले मामलों में यह भी जांच की जाए कि यह किसी दबाव या प्रलोभन में तो नहीं किया गया है।


**THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDERATION LIMITED**
District Office : Bhattu Road, Fatehabad (Haryana)-125050
TEL: (01667)- 297254 E-Mail: dmhfd-ftd@hafed.gov.in
Web-site : www.hafed.gov.in

**TENDER NOTICE**

Hafed invites offers from scientific godowns/plinth owners (already constructed) for storage of wheat and other food grains for the year 2026-27 on actual utilisation basis at various centres i.e. Fatehabad, Bhuna, Tohana, Ratia, Bhattu, Jakhal in Fatehabad District. The interested parties are requested to apply on plain paper giving complete details of the site, capacity, contact number and other facilities available in the complex. The offers will be received and opened on 18.02.2026 at 2:30 PM and negotiated in the presence of parties who wish to be present on the same day in District Office, Hafed, Bhattu Road, Fatehabad and final decision will be conveyed after inspection of the godowns/plinths and other technical parameters by the committee.The capacity shall be increased or decreased as per the requirement of Hafed. The preference shall be given to the godowns capacity. Hafed reserves the right to reject/accept any/all the tenders without assigning any reasons.

-District Manager, Hafed, Fatehabad



### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

DD NO.24 दिनांक 05.05.2026 धारा 194 BNS थाना आईएमटी जिला रोहतक।

नामपता नामालुम नाश की पहचान बारे



नाम - नामालूम
पिता/पति का नाम नामालूम
पता नामालूम।
उम्र लगभग 40-45 वर्ष
हुलिया- उम्र करीब 40-45 साला आँखें बंद, शरीर अकडा हुआ और चेहरे पर मुर्दानी छाई हुई है। जिसके नाक व मुंह से थोड़ा सा खुन बहा हुआ है। जो गले मे लकडी की मनको की माला पहने हुए है। और बाए हाथ की कलाई पर राखी बंधी हुई है। जिसने सबसे नीचे काली रंग की टी-शर्ट तथा उसके उपर गुलाबी रंग की शर्ट, उसके उपर ब्राउन क्रीम कलर की स्वेटर तथा हरे रंग का जैकेट पहने हुए है। तथा नीचे काले रंग का कच्छा, क्रीम कलर की लोयर और पैरों मे नीले रंग के जूते पहने हुए है।

दिनांक 05.02.26 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश गांव भालौट रोड पर रजभाया के नजदीक बने कोठडा के बरामदा व्यक्ति की नाश पड़ी मिली है। जिसकी मौत के कारण होनी बयान हुई है। जिसके परिजनों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना आईएमटी रोहतक द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतू 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस सामान्य अस्पताल रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो वह निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे।

1. प्रबन्धक थाना आईएमटी रोहतक 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता रोहतक-999199737

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 30 दिनांक 04.02.2026 धारा 127(6) BNS थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक।

गुमशुदा की तलाश बारे –



नाम - कितीं
पिता/पति- पुत्री नैनु
पता - निवासी सोलगर वाली माता दरवाजा जिला रोहतक
उम्र-16 वर्ष ।
हुलिया - रंग साफ, गोल चेहरा, कद 4 फुट, 5ईचें शिक्षा-9वी पास, हष्ट-पुष्ट शरीर,
पहनावा - जामनी रग का सूट लोअर व पैरे उपर BROWN कलर की पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए ।

दिनांक 04.02.2026 को किर्ती पुत्री श्री नैनु निवासी सोलगर माता दरवाजा जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा लड़की दिमागी रुप से सही है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबंधक थाना रोहतक 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता रोहतक-9996755511

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 14 दिनांक 06.02.2026, धारा 127(6) BNS, थाना पी0 जी0आई। रोहतक।

गुमशुदा की तलाश बारे –



नाम-गीतान्शी
पुत्री- सुनिल शर्मा
पता- निवासी गांधी नगर रोहतक।
उम्र-22 वर्ष ।
हलिया - रंग गेंहुआ, लम्बोतरा चेहरा, कद 5 फुट 4 ईचा

दिनांक 06.02.2026 को गीतान्शी D/o सुनिल शर्मा निवासी निवासी गांधी नगर रोहतक। उम्र- 22 वर्ष । बिना किसी को बताए घर से कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। जो गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबंधक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक 7082999121
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता रोहतक - 8950515583

### कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

अभियोग संख्या 38 दिनांक 04.02.2026 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना सांपला रोहतक ।

गुमशुदा की पहचान बारे



नाम - गौरव
पिता/पति- पुत्र अजीत
पता - निवासी लाईनपार देव कालोनी सांपला जिला रोहतक
उम्र- 22 वर्ष
कद-5 फुट 6 ईंच ।
हुलिया - रंग गेंहुआ, हष्ट पुष्ट शरीर।
पहनावा काले रंग की जींस की पैंट, व पैरों में सफेद रंग के जूते पहने हुए है।

दिनांक 01.02.2026 को गौरव पुत्र अजीत निवासी लाईनपार देव कालोनी सांपला जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक - 9467204900

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 53 दिनांक 03.02.2026 धारा 127(6) BNS थाना शिवाजी कालोनी रोहतक ।

गुमशुदा की तलाश बारे



नाम - रामकुमार
पिता/पति- महेन्द्र यादव
पता - निवासी गांव अकोला जिला दरभंगा बिहार हाल किरायेदार गांव डोभ जिला रोहतक।
उम्र- 36 वर्ष ।
हुलिया - रंग गंदमी, गोल चेहरा, दाहिने हाथ पर औम गुदा हुआ, कद 5 फुट 5 इंचा

दिनांक 03.02.2026 को रामकुमार S/O महेन्द्र यादव निवासी गांव अकोला जिला दरभंगा बिहार हाल किरायेदार गांव डोभ जिला रोहतक। बिना किसी को बताए घर से कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबंधक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता रोहतक - 8708239809

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 476 दिनांक 16.11.2025 धारा 127 (6) BNS थाना सांपला रोहतक ।

गुमशुदा की तलाश बारे –



नाम - तन्नु
पिता/पति- प्रमोद
पता - निवासी गांव गोधा थाना जमा जिला अलीगढ उतर प्रदेश हाल किरायेदार सीताराम हलवाई वाली गली पुरानी अनाज मण्डी साँपला जिला रोहतक
उम्र-15 वर्ष।
हुलिया - रंग गेहुआ, लबुतरा चेहरा, मजबुत शरीर , कद 5 फुट
पहनावा - पिंक कलर की जाकेट व जीन्स , पाजामी व पैरों मे चप्पल पहने हुए ।

दिनांक 16.11.25 को तन्नु D/O प्रमोद निवासी गांव गोधा थाना जमा जिला अलीगढ उतर प्रदेश हाल किरायेदार सीताराम हलवाई वाली गली पुरानी अनाज मण्डी साँपला जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अब तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबंधक थाना साँपला रोहतक 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता रोहतक – 89014-32412

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 36 दिनांक 09.02.2026 धारा 126 (6) BNS 2023 थाना महम रोहतक ।

गुमशुदा की पहचान बारे



नाम - सिमरन
पिता/पति- पुत्री पवन
पता - निवासी गांव भैणी महाराज पुर जिला रोहतक
उम्र-20 वर्ष ।
कद- 5 फुट 2 इंच
पहनावा रगं महरुम सूट सलवार पहने हुए है।

दिनांक 09.02.2026 को सिमरन पुत्री पवन निवासी गांव भैणी महाराजपुर जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है । यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक- 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता रोहतक - 9728270142

### कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

अभियोग संख्या 39 दिनांक 04.02.2026 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना सांपला रोहतक ।

गुमशुदा की पहचान बारे –



नाम - गीता देवी
पिता/पति-पत्नी कनाई राम
पता- निवासी अहियापुर मुजफ्फरपुर थाना साहेबगंज बिहार हाल शयामशलोनी फैक्ट्ररी सांपला जिला रोहतक
उम्र-37 वर्ष
कद- 5 फुट 6 इंच ।
हुलिया - रंग गोरा, हष्ट पुष्ट शरीर ।
पहनावा - हरे रंग का सूट सलवार पहने हुए है।

दिनांक 04.02.2026 को गीता देवी पत्नी कनाई राम निवासी अहियापुर मुजफ्फरपुर थाना साहेबगंज बिहार हाल श्यामशलोनी फैक्ट्री सांपला जिला रोहतक बिना किसी को बताए, कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक 9467204900

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 492 दिनांक 25.11.2025 धारा 127(6) BNS थाना साँपला रोहतक ।

गुमशुदा की तलाश बारे –



नाम - रुची
पिता/पति- सोहेत
पता- निवासी गांव लालापटी जिला आजमगढ उत्तर प्रदेश हाल किरायेदार लाईन पार वार्ड न0 1 साँपला जिला रोहतक।
उम्र-13 वर्ष।
हुलिया - रंग गेहुआ, गोल चेहरा, मजबुत शरीर, कद 5 फुट
पहनावा - काले रंग की लोवर व सफेद रंग की टी-शर्ट व पैरों में चप्पल पहने हुए ।

दिनांक 25.11.25 को रुची D/O सोहेत निवासी गांव लालापटी जिला आजमगढ उत्तर प्रदेश हाल किरायेदार लाईन पार वार्ड न0 1 साँपला जिला रोहतक। बिना किसी को बताए घर से कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। जो गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबंधक थाना साँपला रोहतक 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता रोहतक - 89014-32412

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 23 दिनांक 22.01.2026 धारा 127(6) BNS थाना सांपला रोहतक ।

गुमशुदा की तलाश बारे –



नाम - पिक्की
पिता/पति- सुरेश
पता - निवासी गांव गान्धरा जिला रोहतक
उम्र-22 वर्ष ।
हुलिया - रंग गेहुआ, लबुतरा चेहरा, मजबूत शरीर कद 5 फुट, 3 ईचं,
पहनावा - पिंक कलर रंग का सूट सलवार पहने हुए ।

दिनांक 04.02.2026 को पिक्की W/O सुरेश निवासी गांव गान्धरा जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबंधक थाना रोहतक - 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता रोहतक - 92154471184

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

थाना क्रमाकं 31 दिनांक 07 .2.2026 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना पुरानों सब्जी मण्डी रोहतक ।

गुमशुदा की पहचान बारे –



नाम - आरती
पिता/पति - D/O रोहतास
पता - निवासी हाजमपुर जिला रोहतक
उम्र- 24 वर्ष
कद-5 फुट 3 इंच ।
हुलिया - रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर।
पहनावा - लाल रंग का सूट सलवार व सफेद जरसी पैरों में आसमानी रगं जुते पहने हुए है।

दिनांक 07.2.2026 को आरती D/O रोहतास निवास हाजमपुर जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक -

पीआरडीएच 1084/11/4459/2026/42899/88/6 दि. 10.02.2026

CBC 35101/13/0113/2526
भारत सरकार
पशुधन विकास के कार्यों से मज़बूत होगी आजीविका, समृद्ध होंगे परिवार
अब बनेंगे पशु, मत्स्य और पोल्ट्री इंफ्रास्ट्रक्चर और सशक्त होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था

Viksit Bharat - Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) : VB - G RAM G
(विकसित भारत - जी राम जी) Act, 2025
125 दिन की रोज़गार गारंटी


## खबर संक्षेप

### छात्रा के दुष्कर्मी को 20 साल की कैद

**हिसार।** अदालत ने नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म के दोषी अमित को 20 साल की सजा सुनाई है। दोषी पर एक लाख 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। बता दें कि गत 5 फरवरी को अदालत ने आरोपी अमित को दोषी करार दिया था। अदालत में चले अभियोग के अनुसार एचटीएम थाना पुलिस ने वर्ष 2021 में 14 साल की नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म करने के आरोप में केस दर्ज किया था। उस दौरान पीड़िता द्वारा पुलिस को दिए बयान के अनुसार वह आठवीं कक्षा में पढ़ती है।

### फायरिंग मामले में दो को पांच साल कैद

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नेहा नोरिया की अदालत ने पुलिस पर फायरिंग करने के दो दोषियों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई है। वहीं 19-19 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं भरा तो तीन महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार 20 नवंबर 2021 को सीआई स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव धरौदी निवासी हरदीप उर्फ जड़ेजा की गांव गुरुसर में गोली मार कर हत्या करने के आरोपित मनजीत उर्फ काला और धरौदी निवासी सिया नैन ढाकल गांव के पास सिंचाई विभाग के स्टोर रूम में छुपे हुए हैं। इस सूचना पर सीआईए तुरंत मौके पर पहुंची तो वहां दो युवक दिखाई दिए। आरोपितों ने भनक लगते ही पुलिस की तरफ फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने दोनों गांव गुरूसर निवासी मनजीत व धरौदी निवासी सिया नैन को गिरफ्तार कर लिया था। तभी से यह मामला अदालत में विचाराधीन था।

### ऐलनाबाद से अपहृत हुआ व्यक्ति राजस्थान से मिला

**सिरसा।** ऐलनाबाद शहर से अपहृत एक व्यक्ति को पुलिस ने राजस्थान के नोहर क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने मंगलवार को अपहृत सुभाष वर्मा को परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अपहृत व्यक्ति के हाथ में पहनी अंगूठी, कड़ा व मोटरसाइकिल बदमाश ले गए हैं। गौरतलब है कि बीते रविवार रात को ऐलनाबाद से दो लोगों ने सुभाष वर्मा को अगवा कर लिया था। पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

भारत रंग महोत्सव में अभिनेता जतिन सरना बोले

# थियेटर आज भी जिंदा है, बस सच्चा जुनून चाहिए

**थियेटर से ही निकलते हैं मजबूत कलाकार, आज के मुद्दों पर रंगमंच और जरूरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) द्वारा आयोजित भारत रंग महोत्सव (भारंगम) और यूनिवर्सिटी के अपने सांस्कृतिक महोत्सव 'सारंग' के दौरान अभिनेता जतिन सरना ने रंगमंच की वर्तमान स्थिति और उसके भविष्य पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि थियेटर का लोगों में आज



अभिनेता जतिन सरना

भी जूनून है, लेकिन थियेटर करने के लिए खुद कलाकारों में भी जुनून होना जरूरी है। यह ऐसा माध्यम है जो समय, मेहनत और समर्पण मांगता है। जतिन सरना ने कहा कि भारतीय सिनेमा को अगर मजबूत कलाकार मिले हैं तो उनमें से ज्यादातर थियेटर की देन हैं। बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाले कई बड़े कलाकारों की जड़ें रंगमंच में ही हैं। थियेटर कलाकार को अभिनय की बुनियादी समझ देता है, मंच पर खड़े होकर दर्शकों से सीधा संवाद करना सिखाता है।। मुंबई का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि आज भी वहां लोग टिकट खरीदकर थियेटर देखने जाते हैं, जो यह साबित करता है कि रंगमंच का आकर्षण खत्म नहीं हुआ है। हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि देश के कई हिस्सों में आज भी कलाकार पूरे मन से थियेटर कर रहे हैं, लेकिन दर्शकों की कमी एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। कई जगह ऐसा है कि मंच तैयार है, कलाकार तैयार हैं, लेकिन हॉल खाली रह जाते हैं। इसके पीछे बदलती जीवनशैली और डिजिटल माध्यमों का बढ़ता प्रभाव एक बड़ा कारण है। जतिन सरना ने कहा कि आज सोशल मीडिया और मोबाइल फोन ने आमजन को चारों तरफ से घेर लिया है। पहले का समय याद करते हुए उन्होंने कहा कि पहले लोग परिवार और दोस्तों के साथ बैठकर थियेटर देखते थे, सामूहिक अनुभव होता था। अब मोबाइल ने वह सामूहिकता काफी हद तक छीन ली है। लोग मनोरंजन के लिए घर बैठे स्क्रीन पर ही सीमित हो गए हैं।

#### थियेटर को समकालीन मुद्दों से जुड़ना होगा

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में थियेटर को समकालीन मुद्दों से जुड़ना होगा। आज समाज जिन समस्याओं से जूझ रहा है। बेरोजगारी, सामाजिक असमानता, महिला मुद्दे, पर्यावरण, मानसिक स्वास्थ्य इन सब पर थियेटर होना चाहिए। जब दर्शक खुद को कहानी में देखेगा, तभी वह दोबारा थियेटर की ओर लौटेगा। आज के दौर में थियेटर की भूमिका केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज का आईना भी है। डिजिटल युग में जहां कंटेंट की भरमार है, वहीं थियेटर अपनी लाइव प्रस्तुति, सजीव भावनाओं और सीधे संवाद के कारण अलग पहचान रखता है।

#### माहौल मिले तो युवा भी थियेटर की ओर होंगे आकर्षित

थियेटर कलाकार और दर्शक के बीच एक ऐसा रिश्ता बनाता है, जो किसी स्क्रीन के जरिए संभव नहीं है। भारत रंग महोत्सव और 'सारंग' जैसे आयोजन इस बात का प्रमाण हैं कि अगर मंच, अवसर और सही माहौल मिले तो युवा भी थियेटर की ओर आकर्षित होते हैं। जतिन सरना का मानना है कि जरूरत है रंगमंच को नए तरीके से प्रस्तुत करने की, युवाओं को जोड़ने की और दर्शकों को फिर से थिएटर हॉल तक लाने की।

तहसीलदारों की हड़ताल छठे दिन खत्म, चार मांगों पर सहमति बनी

# प्रदेशभर में आज से शुरू होंगी रजिस्ट्री, लोगों को मिलेगी राहत

**फाइनेंस कमिश्नर रेवेन्यू सुमिता मिश्रा के साथ हुई मीटिंग के बाद बनी बात**

**हड़ताल से कारण प्रदेश भर में 10 हजार से ज्यादा रजिस्ट्री पेंडिंग**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश में तहसीलदारों ने हड़ताल खत्म कर दी। चंडीगढ़ में मंगलवार को फाइनेंस कमिश्नर रेवेन्यू (एफसीआर) सुमिता मिश्रा के साथ हुई मीटिंग में तहसीलदारों ने कल (11 फरवरी) से काम पर लौटने का फैसला किया। अब कल से ही रजिस्ट्री दोबारा से शुरू हो जाएगी। तहसीलदार बीते पांच दिनों से विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे थे। इस कारण प्रदेश भर में 10 हजार से ज्यादा रजिस्ट्री पेंडिंग है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि राजस्व अधिकारी प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ हैं और कई विभाग उनके काम पर निर्भर करते हैं। उन्होंने कहा कि विभाग और सरकार की हमेशा से यह नीति रही है कि नए उपक्रमों में फील्ड अधिकारियों को सक्रिय रूप से शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारियों के साथ परामर्श को और अधिक संस्थागत रूप दिया जाएगा ताकि फील्ड और मुख्यालय के बीच नियमित संवाद सुनिश्चित हो सके।



**चंडीगढ़।** रेवेन्यू ऑफिसर एसोसिएशन के डेलिगेशन के साथ फाइनेंस कमिश्नर रेवेन्यू सुमिता मिश्रा।

#### मीटिंग में इन डिमांड पर सहमति बनी

इनमें गुरुग्राम सहित विभिन्न जगहों पर तहसीलदारों पर हुई कार्रवाई को वापस लिया जाएगा। तहसीलदारों पर कार्रवाई करने के लिए पहले सक्षम प्राधिकारी की अनुमति आवश्यक होगी। स्टाम्प शुल्क के कथित कम मूल्यांकन से जुड़े मामलों को भारतीय स्टाम्प अधिनियम की धारा 47ए के तहत निपटाया जाएगा।

#### अधिकारी कर्तव्यों का निर्वहन कानून के दायरे में रहकर ही करें

आपसी गलतफहमियों को रोका जा सके। अधिकारियों का आह्वान किया कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन कानून के दायरे में रहकर ही करें और आधिकारिक जिम्मेदारियों को निभाते समय आने वाली किसी भी कठिनाई को तुरंत सूचित करें। उन्होंने कहा कि समस्याओं को बढ़ने से पहले ही सुलझाने के लिए पारदर्शी और समय पर संचार अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार द्वारा दिए गए आश्वासनों और आम जनता को हुई असुविधा को ध्यान में रखते हुए, राजस्व अधिकारियों ने आज से बिना किसी शर्त के अपना कार्यभार संभालने का निर्णय लिया है।

#### वित्त आयुक्त ने निर्णय किया का स्वागत

डॉ. मिश्रा ने इस निर्णय का स्वागत किया और विश्वास व्यक्त किया कि सुदृढ़ समन्वय और आपसी विश्वास से राज्य में सार्वजनिक सेवा वितरण में और सुधार होगा। बैठक में यह भी आश्वासन दिया गया कि बेहतर समन्वय और नीतिगत मुद्दों के लिए अधिकारियों की एक अंतर-विभागीय समिति का गठन किया जाएगा। ज्ञात हो की सरकार ने अवैध संपत्ति के पंजीकरण मामले में वजीराबाद के नायब तहसीलदार को निलंबित कर दिया था। शाम के समय वित्त आयुक्त एवं सचिव (राजस्व) सुमिता मिश्रा ने निलंबन आदेश जारी किए। जांच में पाया गया कि ये पंजीकरण 'नगर एवं ग्रामीण नियोजन' (टीसीपी) विभाग द्वारा जारी निर्देशों का उल्लंघन करते हुए किए गए थे।

#### तहसीलदारों की हड़ताल का क्या असर रहा

तहसीलदारों की हड़ताल का क्या असर रहा प्रदेश भर में तहसीलदारों की हड़ताल होने से सोमवार को केवल 28 रजिस्ट्री हुई, जबकि 682 लोगों ने रजिस्ट्री के लिए टोकन लिया था। 515 रजिस्ट्री पेंडिंग रह गई। इनमें से रेवाड़ी में सर्वाधिक 16 रजिस्ट्री हुई हैं। इसके अलावा रोहतक में 8, महेंद्रगढ़ में 2, रेवाड़ी और जींद में 1-1 रजिस्ट्री हुई हैं। इस दिन प्रदेश में 4.34 करोड़ रुपए की जमीन की खरीदारी हुई। जिसमें सरकार को 25 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। वहीं, शुक्रवार को प्रदेश भर में केवल पंचकूला में एक रजिस्ट्री हुई थी। जिससे प्रदेश सरकार को 14 लाख रुपए का राजस्व मिला।

**स्वच्छ भारत मिशन में सुस्ती अफसरों के गले की फांस बनीं**

# 100 करोड़ बजट न खर्चने पर 20 अफसर चार्जशीट

- मंत्री और सीएम ने बैठकों में स्वच्छता की मुहिम पर पैसा खर्च नहीं होने पर की थी नाराजगी जाहिर
- पांच फरवरी को हुई थी अहम बैठक, कार्रवाई के संकेत मिलते ही स्वच्छता मिशन ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा की नायब सरकार ने एक बड़ा एक्शन लिया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत केंद्र से आए 100 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि खर्च न करने पर 20 अधिकारियों को चार्जशीट करने के आदेश जारी किए गए हैं। यह कार्रवाई 5 फरवरी को चंडीगढ़ में हुई शहरी निकाय विभाग की बजट मीटिंग में की गई, जिसका खुलासा अब हुआ।

वैसे, मामला पांच फरवरी का है। मंत्री ने नाराजगी जाहिर करते हुए इस संबंध में एक्शन लिए है। स्वच्छ भारत भारत मिशन के तहत केंद्र सरकार की ओर से 100 करोड़ की राशि आई हुई थी। उक्त राशि खर्च नहीं करने पर अफसरों पर जल्द ही गाज गिरने के संकेत मिल रहे हैं। बताया गया है कि मंत्री ने सभी को चार्जशीट करने के आदेश दे दिए हैं। सूत्रों का कहना है कि चंडीगढ़ में हुई शहरी निकाय विभाग की बैठक में यह नजला गिरा था। पूरे मामले में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने एक एचसीएस सहित सभी को नाराजगी जाहिर की थी। सभी की संख्या लगभग 20 बताई जा रही है। अधिकारियों को चार्जशीट करने के आदेश दिए हैं, उनमें स्वच्छता मिशन के तत्कालीन स्टेट मिशन डायरेक्टर एचसीएस जयदीप का नाम भी शामिल है। सरकार के सूत्रों अनुसार निकाय विभाग की बजट बैठक में नायब सिंह सैनी और मंत्री की मौजूदगी में बजट खर्च नहीं कर पाने पर कोई भी जवाब नहीं दे सका था। सीएम और मंत्री ने इस बारे में स्वच्छता मिशन के तहत अभी तक करोड़ों का बजट खर्च करने और योजना तैयार नहीं करने पर नाराजगी जाहिर की थी।

#### तेजी दिखा रहे अफसर

बताया जा रहा है कि कार्रवाई के संकेत मिलते ही अफसरों और कर्मियों ने तेजी दिखाई शुरु कर दी है। दरअसल 342 करोड़ का बजट केंद्र की ओर से मिला था। 2025 में हरियाणा राज्य को स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता और सौंदर्यीकरण परियोजनाओं के लिए कुल 342 करोड़ आवंटित हुए थे।

## बुजुर्ग महिला चिकित्सक के साथ दुर्व्यवहार मामले में मुख्यमंत्री और मंत्री को शिकायत

**चंडीगढ़।** पंचकूला सेक्टर छह सामान्य अस्पताल में एक वरिष्ठ कंसलटैंट महिला चिकित्सक (वरिष्ठ नागरिक) के साथ में दुर्व्यवहार का मामला तूल पकड़ गया है। पूरे मामले में दुर्व्यवहार करने वाले आरोपितों के विरुद्ध शिकायत को लेकर भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य प्रेम गुगानी ने सीएम, डीजीपी, स्वास्थ्य मंत्री, डीजी हेल्थ, एसीएस हेल्थ सहित दर्जनों अफसरों को पत्र भेजकर तुरंत ही कार्रवाई की मांग की है। अभी तक पूरे मामले में लीपापोती करने वाले पंचकूला हेल्थ विभाग के अफसरों के लिए उक्त मामला गले की फांस बन गया है। पूरे मामले को सरकार ने गंभीरता से लिया है। इस बारे में रिपोर्ट भी मांग ली है। आरोपित डाक्टर भी पंचकूला अस्पताल में तैनात हैं। पत्र और शिकायत में डा. मंदीप सैनी और व राजेंद्र सैनी के नाम दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि उक्त पूरे मामले को पंचकूला में ही समझौते बताकर पीएमओ और अस्पताल प्रशासन द्वारा दबा दिया गया था । लेकिन बाद में आरोपितों ने महिला डॉक्टर बुरी तरह से गाली गलौज की जिससे घबराई डाक्टर ने पैरामेडिकल स्टाफ बुला लिया और सुरक्षित पीएमओ तक ले जाने की अपील की। हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिशएन के चुनाव को लेकर विवाद के कारण उक्त घटनाक्रम हुआ।

## टीटीसी में कृषि दर्शन प्रदर्शनी की तैयारियां तेज

**हिसार।** सिरसा रोड़ स्थित उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (टीटीसी) में होने जा रही कृषि दर्शन प्रदर्शनी की तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही है। तीन दिवसीय कृषि प्रदर्शनी का आयोजन 14 फरवरी से 16 फरवरी तक है। टीटीसी के निदेशक डॉ. मुकेश जैन ने प्रदर्शनी की तैयारियों का अवलोकन किया। सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होनें ने बताया कि पिछले वर्ष लगभग पौने दो लाख की संख्या में किसानों व आमजन ने शिरकत की थी। इस बार हमें उम्मीद



है कि ढाई लाख के आस-पास किसान व आमजन मेले पहुंचेंगे। इस बार लगभग 290 कम्पनियां इस मेले में भाग ले रही है। नए-नए ट्रैक्टरों का उद्घाटन कृषि मेले में होगा। किसान ड्रोन में आए नए बदलावों के बारे में रूबरू होंगे।

## टीवी की आवाज बढ़ाकर पत्नी की हत्या

**पानीपत में वारदात, पति ने चुन्नी से गला घोंटा, 2 दिन पहले मायके आई थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में एक व्यक्ति ने चुन्नी से गला घोंटकर पत्नी की हत्या कर दी। आसपड़ोस में किसी को आवास सुनाई न दे, इसलिए उसने टीवी की आवाज तेज कर दी। हत्या करने के बाद वह फरार हो गया। घटना इसराना थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव लुहारी में मंगलवार की सुबह मायके आई पत्नी 32 वर्षीय पूजा पुत्र रणधीर का उसके पति कपिल निवासी गांव किवाना जिला पानीपत ने घरेलू विवाद के चलते गला दबा कर कत्ल कर दिया। पूजा की हत्या करने में कपिल ने उसी की चुन्नी का प्रयोग किया। वहीं पूजा व कपिल के चार बच्चे है। इधर, थाना मतलौडा पुलिस की जांच में पता चला कि आठ फरवरी को पूजा अपने मायके आई थी। जबकि बच्चे सुसराल में ही थे। नौ फरवरी की शाम को कपिल, पूजा को घर ले जाने के लिए लुहारी गांव पहुंचा। यहां कपिल ने शराब पी और अपनी पत्नी, सास व ससुर के साथ झगड़ा किया। कपिल ने सास-ससुर से कहा कि वह जा रहा है। वहीं, सास व सुसर अपने काम पर चले गए। इधर, कपिल गांव लुहारी के बस अड्डे तक जाकर वापस घर लौट आया। कपिल ने घर पहुंचा कर वहां अकेली पूजा के साथ फिर कहासुनी की और टीवी की आवाज तेज करके उसी की चुन्नी से उसका गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी।

### पानीपत में गुरुद्वारे में पेंट करते करंट लगाने एक मौत, दूसरा गंभीर

**पानीपत।** पानीपत के पहली पातशाही गुरुद्वारे में पेंट करने के दौरान बिजली की हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो पेंटर्स को बिजली का करंट लग गया। हादसे में पेंटर 21 साल के विष्णु मूल निवासी आजमगढ़, उत्तर प्रदेश की मौत हो गई । जबकि इसका साथी रमाकांत झुलस गया, उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस करने है कि पहले पहली पातशाही गुरुद्वारा का भवन सन 2017 में ढह गया था, इसके मलबे में दबने से कई मजदूर काल का ग्रास बन गए थे। इस घटना के बाद से गुरुद्वारे का नया निर्माण चल रहा है। इसी में मजदूर रंग रोगन का कार्य कर रहे हैं।

# ई-चालान से राजस्व एकत्र करने में हरियाणा देश में दूसरे स्थान पर पांच साल में 1.03 करोड़ चालान से 1,465 करोड़ राजस्व मिला

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के लिए राहत भरी बात यह है कि ई-चालान मामले में राजस्व एकत्र करने की मुहिम ने रंग दिखाया है, हरियाणा देश में दूसरे स्थान पर है। इसके विपरीत अगर पड़ोसी राज्य पंजाब का स्थान देखें तो हालात ठीक नहीं है, जो 22वें पायदान पर खड़ा है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से लोकसभा में प्रस्तुत किए आंकड़ों ने उत्तर भारत में यातायात प्रवर्तन की विषम और चुनौतीपूर्ण तस्वीर पेश कर दी है। हरियाणा ई-चालान राजस्व में देश में दूसरे स्थान पर है, वहीं पड़ोसी राज्य पंजाब 22वें पायदान पर खड़ा है।

#### आंकड़ों में केवल तमिलनाडु से पीछे हम

पिछले पांच वर्षों (1 जनवरी 2019 से 31 दिसंबर 2023) में हरियाणा ने 1.03 करोड़ से अधिक ई-चालान जारी किए हैं। यह देश में चौथी सबसे बड़ी संख्या है। इससे राज्य को 1,465.18 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जो राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा संग्रह है। आंकड़ों को देखें तो केवल तमिलनाडु से पीछे हैं। यातायात विशेषज्ञों का मानना है कि हरियाणा में सड़कों की बेहतर स्थिति, वाहनों की अधिक संख्या और सीसीटीवी-आधारित निगरानी तंत्र ने प्रवर्तन को मजबूत बनाया हुआ है। राज्य में 2.18 करोड़ ट्रांसपोर्ट वाहनों में से 10.70 लाख में स्पीड लिमिटिंग डिवाइस (एसएलडी) फिट हैं, जो सड़क सुरक्षा के प्रति गंभीरता को दर्शाता है।

#### पंजाब की स्थिति कमजोर, 22वें स्थान नर

इसके विपरीत, आंकड़ों के हिसाब से पंजाब की स्थिति चिंताजनक है। राज्य में केवल 4.07 लाख ई-चालान जारी किए, जिनसे मात्र 31.53 करोड़ का राजस्व ही राज्य को प्राप्त हुआ। ये आंकड़ा देश में 22वें स्थान पर है, जो यातायात प्रवर्तन में गंभीर कमी की ओर इशारा करता है। अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में वाहनों की अधिकता और कृषि से जुड़े परिवहन के कारण नियमों का पालन चुनौतीपूर्ण है। हालांकि, राज्य में पंजीकृत वाहनों की बड़ी संख्या को देखते हुए यह प्रदर्शन संतोषजनक नहीं कहा जा सकता।

#### देशभर में 12,631.97 करोड़ का राजस्व मिला

तमिलनाडु सबसे आगे है जहां 5.57 करोड़ चालान जारी किए गए दूसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश है जिसने 4.40 करोड़ चालान किये लेकिन 2,495.19 करोड़ रुपये एकत्र करके देश में प्रथम स्थान पर है। किए। तीसरे स्थान पर केरल है जहां 1.88 करोड़ चालान से 690.92 करोड़ रुपये का संग्रह हुआ।राजस्व संग्रह के मामले में भी तमिलनाडु शीर्ष पर है जिसने 2,495.19 करोड़ रुपये एकत्र किए। इसके बाद हरियाणा 1,465.18 करोड़ रुपये के साथ दूसरे स्थान पर है और बिहार 1,403.86 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर है। वहीं दूसरी ओर, सबसे कम प्रवर्तन वाले क्षेत्रों में लद्दाख सबसे नीचे है।

#### देश में 38.51 करोड़ पंजीकृत वाहन

देश में 38.51 करोड़ पंजीकृत वाहन हैं, लेकिन वैध बीमा पॉलिसी केवल 17.54 करोड़ वाहनों की है। यह सड़क सुरक्षा और कानूनी अनुपालन में बड़ी खामी को उजागर करता है। मंत्रालय के अनुसार, केंद्रीय सरकार ने स्पीड गवर्नर (एसएलडी) को अनिवार्य बनाया है, जो 1 अक्टूबर 2015 के बाद निर्मित ट्रांसपोर्ट वाहनों में 80 किमी/घंटा की अधिकतम गति पर सेट होता है। हरियाणा का दर्शन दर्शाता है कि सख्त प्रवर्तन और आधुनिक तकनीक से यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सकता है।

**पीयू ने यूके फाउंडेशन के साथ मिलकर स्कूल ऑफ एंटरप्रेन्योरियल माइंडसेट, डिजिटल इनोवेशन विषय पर पाठ्यक्रम किए शुरू**

# पीयू विद्यार्थियों को अब वैश्विक अनुभव मिलेगा

**चंडीगढ़।** पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ ने आज यूनाइटेड किंगडम की हेडन ग्रीन फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर अपनी वैश्विक शैक्षणिक उपस्थिति को और सुदृढ़ किया। इस समझौते के तहत स्कूल ऑफ एंटरप्रेन्योरियल माइंडसेट (एसईएम) की स्थापना और संचालन किया जाएगा तथा प्रौद्योगिकी-सक्षम मॉडल के माध्यम से नवाचार और उद्यमिता में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा को विस्तार दिया जाएगा। एसईएम एक समर्पित शैक्षणिक मंच के रूप में कार्य करेगा, जिसका उद्देश्य स्टार्ट-अप विचारों और सामाजिक रूप से प्रासंगिक उपक्रमों



को विकसित करना है। यह समझौता कौशल विकास एवं उद्यमिता केंद्र में पीयू की कुलपति प्रो. रेनू विग और हेडन ग्रीन फाउंडेशन के चेयर और संस्थापक ट्रस्टी हरदेव सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षरित हुआ। विश्वविद्यालय की ओर से रजिस्ट्रार प्रो. यजवेंद्र पाल वर्मा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

# बांग्लादेश ने अमेरिका के साथ किया एक समझौता

# अमेरिका ने बांग्लादेश पर शुल्क घटाकर किया 19 प्रतिशत, परिधान उत्पादों पर मिलेगी छूट


एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश ने अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौता किया है जिसके तहत उस पर लगने वाला शुल्क घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके तहत अमेरिकी सामग्री से निर्मित कुछ वस्त्र एवं परिधान उत्पादों को छूट भी मिलेगी। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने यह जानकारी दी। यूनुस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सोमवार को जानकारी दी कि अमेरिका ने /"अमेरिका में उत्पादित कपास एवं मानव निर्मित 'फाइबर' से बने बांग्लादेश से आने वाले कुछ वस्त्र एवं परिधान उत्पादों को अमेरिकी बाजार में शून्य शुल्क पर जगह देने के लिए एक तंत्र स्थापित करने की प्रतिबद्धता जताई है।''

## यूनुस को अमेरिकी समर्थक माना जा रहा

अमेरिका समर्थक रुख के लिए पहचाने जाने वाले यूनुस ने कहा कि यह समझौता पिछले साल अप्रैल से नौ महीने की बातचीत के बाद हुआ है। अमेरिकी वित्त विभाग या अमेरिकी प्रशासन के किसी कार्यालय की ओर से हालांकि इसपर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई।

**बांग्लादेश को रेडीमेड गारमेंट्स पर शून्य शुल्क देना होगा :** वाणिज्य सचिव महबूबुर रहमान के अनुसार, अमेरिका से आयातित कपास एवं कृत्रिम रेशों से बने बांग्लादेश के प्रमुख निर्यात उत्पाद रेडीमेड गारमेंट्स (आरएमजी) को इस समझौते के तहत शून्य शुल्क देना होगा। उन्होंने कहा कि समझौते पर अमेरिका में वाणिज्य सलाहकार शेख बशीर उद्दीन और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जैमीसन ग्रीर ने हस्ताक्षर किए।



## शुल्क को घटाकर 15 फीसदी करने की उम्मीद

इस दक्षिण एशियाई देश ने पिछले साल अगस्त में अपने निर्यात पर अमेरिकी शुल्क को घटाकर 20 प्रतिशत करा लिया था जो पहले 37 प्रतिशत था। बांग्लादेशी नीति निर्माताओं ने पहले कहा था कि उन्हें उम्मीद थी कि शुल्क को घटाकर 15 प्रतिशत किया जा सकता है। व्यापार विश्लेषकों ने हालांकि कहा कि यह समझौता बांग्लादेश के परिधान निर्यातकों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है, क्योंकि आरएमजी क्षेत्र की देश की कुल निर्यात आय में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है।

## आरएमजी क्षेत्र में 40 लाख लोगों को रोजगार

यह क्षेत्र करीब 40 लाख लोगों (जिनमें अधिकतर महिलाएं हैं) को रोजगार देता है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसका करीब 10 प्रतिशत योगदान है। अमेरिका ने इस महीने की शुरुआत में भारत पर शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की थी, जिसके बदले भारत से रूसी तेल खरीद रोकने और व्यापार बाधाएं कम करने की अपेक्षा जताई गई थी।

---

**सालाना आधार पर 27 लाख इकाई से अधिक बिक्री**

# वाहन खुदरा बिक्री जनवरी माह में 18 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में मोटर वाहनों की खुदरा बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर करीब 18 प्रतिशत बढ़कर 27 लाख इकाई से अधिक रही। जीएसटी में बदलाव के बाद बनी गति, फसल एवं शादियों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर नकदी प्रवाह तथा मालवाहन क्षेत्र में लगातार मांग की स्पष्टता इस वृद्धि की मुख्य वजह रही। वाहन डीलर के निकाय फाडा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में कुल खुदरा बिक्री 27,22,558 इकाई रही जो जनवरी 2025 के 23,14,940 इकाई के मुकाबले 17.61 प्रतिशत अधिक है। यात्री वाहन खुदरा बिक्री जनवरी में 5,13,475 इकाई रही जो एक साल पहले की समान अवधि के 4,78,915 इकाई की तुलना में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। फाडा अध्यक्ष सी. एस. विग्नेश्वर ने बयान में कहा, '' वृद्धि की कहानी तेजी से महानगरों से इतर भारत में लिखी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में यात्री वाहन बिक्री सालाना आधार पर 14.43 प्रतिशत बढ़ी जो शहरी क्षेत्रों की 2.75 प्रतिशत वृद्धि से कहीं अधिक है।''

■ ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर नकदी प्रवाह रही मुख्य वजह



### ट्रैक्टर पंजीकरण 23 प्रतिशत बढ़ा

वहीं जनवरी में ट्रैक्टर पंजीकरण सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 1,14,759 इकाई हो गया। आगामी तीन महीनों के कारोबारी परिदृश्य पर फाडा ने कहा कि डीलर का भरोसा मजबूत बना हुआ है। 79.70 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने वृद्धि की उम्मीद जताई है जबकि केवल 1.88 प्रतिशत ने गिरावट की आशंका व्यक्त की।

---

# एसडीएफ व ट्रेप दर में अंतर से बने अवसर से कमाई कर रहे बैंक

**बैंक 0.70 प्रतिशत तक की कमाई कर रहे**

एजेंसी ▶▶| मुंबई



नकदी के मामले में मजबूत स्थिति वाले बैंक ट्राई-पार्टी रेपो (ट्रेप) बाजार में कम दर पर कोष जुटा रहे हैं और ज्यादा रिटर्न के लिए स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) के तहत भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पास पैसा लगा रहे हैं। डीलरों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

■ बाजार से कम दर पर कोष जुटा रहे

डीलरों ने बताया कि बैंकों को भारतीय रिजर्व बैंक की एसडीएफ दर और ट्रेप दर के बीच के अंतर से बने 'आर्बिट्रेज' के अवसर से 0.70 प्रतिशत तक की कमाई हो रही है। ट्रेप एक गारंटी जमा कर धन मुहैया कराने वाला बाजार खंड है, जहां बैंक और म्यूचुअल फंड कर्ज देने एवं लेने का काम करते हैं। खासकर म्यूचुअल फंड कंपनियां कर्ज देने के मामले में अधिक सक्रिय रहती हैं। ट्रेप बाजार में दरें नकदी की स्थिति, मांग, नियामकीय जरूरतों और कुल बाजार धारणा से प्रभावित होती हैं। दूसरी ओर, एसडीएफ दरें निश्चित रहती हैं और इनमें बदलाव तभी होता है जबकि केंद्रीय बैंक रेपो दर में कटौती या बढ़ोतरी करता है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, ट्रेप और एसडीएफ दरों के बीच का अंतर हाल के दिनों में लगातार बढ़ा है। यह 30 जनवरी के 0.33 प्रतिशत से बढ़कर दो फरवरी को 0.43 प्रतिशत, तीन फरवरी को 0.60 प्रतिशत और चार फरवरी को 0.76 प्रतिशत तक पहुंच गया। पांच फरवरी को यह अंतर 0.70 प्रतिशत था हालांकि छह फरवरी को यह घटकर 0.40 प्रतिशत रह गया और सोमवार को फिर से बढ़कर 0.63 प्रतिशत हो गया।

---

## भारत इस्पात निर्यात के लिए नए बाजारों की तलाश में

**नई दिल्ली।** भारत पश्चिम एशिया और विभिन्न एशियाई देशों में इस्पात निर्यात के लिए नए बाजारों की तलाश कर रहा है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में अगले छह महीनों में भारतीय कंपनियों के साथ कई समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, "...मुख्य रूप से हमारा निर्यात यूरोप पर केंद्रित था, लेकिन हम (सरकार) निर्यात में विविधता लाने की कोशिश कर रहे हैं।" उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया और एशिया के कई देशों के साथ सरकार-से-सरकार (जी-टू-जी) के स्तर पर बातचीत जारी है।
विभिन्न स्तरों पर वार्ता जारी है और अगले छह मरह में इसके सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद है।

## समझौते से बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 208 अंक चढ़ा

**मुंबई (एजेंसी)।** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 208 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 68 अंक के लाभ में रहा। मजबूत वैश्विक संकेतों और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर बनी उम्मीद के बीच बाजार में तेजी जारी है। हालांकि, निवेशकों ने उच्चस्तर पर मुनाफावसूली भी की। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 208.17 अंक चढ़कर 84,273.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, मानक सूचकांक 417.2 अंक तक चढ़कर 84,482.95 अंक के उच्चतम स्तर तक चला गया था। निफ्टी 67.85 अंक बढ़कर 25,935.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, मानक सूचकांक 122.15 अंक की तेजी के साथ 25,989.45 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिकी व्यापार समझौते और प्रमुख एशियाई बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजारों में तेजी जारी रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश में तेजी और रुपये की मजबूती से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इटर्नल, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावरग्रिड, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, मारुति सुजुकी इंडिया, एक्सिस बैंक, टाइटन और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

## एलआईसी म्यूचुअल फंड की देश में पहली महिला केंद्रित शाखा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लि. ने देश में अपनी पहली महिला-केंद्रित शाखा खोली है। दक्षिण दिल्ली में खोली गयी इस शाखा के साथ यह देश की पहली परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी बन गयी है जिसने म्यूचुअल फंड निवेश में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के मकसद से यह कदम उठाया है। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) प्रायोजित कंपनी ने बयान में कहा कि इस पहल का मकसद निवेश में भागीदारी के मामले में स्त्री-पुरूष अंतर को पाटते हुए महिलाओं को उनके वित्तीय भविष्य की अधिक जिम्मेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। एलआईसी म्यूचुअल फंड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी रवि कुमार झा ने कहा, ''घरेलू और लंबी अवधि के वित्तीय फैसलों में महिलाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है। ऐसे में इस पहल का उद्देश्य उन्हें अधिक सुलभ, सहयोगी और सहभागिता आधारित निवेश अनुभव प्रदान करना है।'' दक्षिण दिल्ली शाखा में पूरी तरह से महिलाएं ही काम करेंगी और इसका प्रबंधन भी उन्हीं के जिम्मे है। इस इलाके को म्यूचुअल फंड उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण वृद्धि वाला बाजार माना जाता है, जिसकी अनुमानित प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) लगभग 1.30 लाख करोड़ रुपये हैं। वहीं म्यूचुअल फंड वितरकों की संख्या 2,000 से ज्यादा है। एलआईसी म्यूचुअल फंड की दक्षिण दिल्ली में प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां 31 दिसंबर, 2025 तक लगभग 200 करोड़ रुपये थी। झा ने कहा कि इस शाखा का मकसद एक अलग जगह देना है, जहां महिलाएं निवेश के बारे में सीख सकें और ज्यादा भरोसे के साथ सोच-समझकर फैसले ले सकें।

**बीएलएस का मुनाफा 33 प्रतिशत बढ़कर 170 करोड़ (नई दिल्ली)।** सरकारों और नागरिकों के लिए प्रौद्योगिकी-सक्षम सेवाएं देने वाली कंपनी बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 33.1 प्रतिशत बढ़कर 170 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने इस मजबूत प्रदर्शन के बीच अपने शेयरधारकों के लिए अब तक के सबसे बड़े अंतरिम लाभांश की घोषणा की है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक की सीमाओं में गांव बोहर-2 में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (पुनः आमंत्रण)। | 09.02.2026 16.02.2026 | रु. 55.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42913/I/88/6 दि. 10.02.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कलायत | वार्ड नं. 11, एम.सी. कलायत में सामुदायिक केन्द्र को पूरा करना। | 04.02.2026 13.02.2026 | अनु. लागत रु. 211.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896264705 secretarymckalayat@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42911/I/88/6 दि. 10.02.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद डबवाली | सुधार न्यास पार्क डब्ल्यू-4 (डबवाली) के आईपीबी साइड बारेम का निर्माण। | 04.02.2026 16.02.2026 | 2102126 | https://etenders.hry.nic.in | 7015438905 secymcdabwali@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42906/I/88/6 दि. 10.02.26

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि रोहतक सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड, रोहतक (वीटा) | 2025_HBC_497828_1 | बढ़ाई गई तिथि 17.02.2026 अप. 16:00 बजे खुलना 18.02.2026 पूर्वा. 11:30 बजे (रोहतक)। | VITAINDIA@GMAIL.COM | 9896401185 vitarohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42900/I/88/6 दि. 10.02.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | एसडीओ 'ओपी' एस/डिवी. नं. 1, एसडीओ 'ओपी' एस/डिवी. नं. 2 और एसडीओ 'ओपी' एस/डिवी. मॉडल टाउन, यूएचबीवीएन, रोहतक के उपयोग हेतु आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से चालक (3 अदद) सहित 24 घंटे के लिए अराउंड द क्लॉक उपयोग किये जाने वाले शिकायत केन्द्र के लिए पिछले साइड से खुला महिन्द्रा/टाटा, फोर्स को किराये पर लेना। | 10.02.2026 24.02.2026 | रु. 6,000/- | www.uhbvn.org.in NIT NO-08/OP CITY DIVN.RTK/ 2025-2026 DATED 10.02.2026 | 9315609784 xenopuhbvncityrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/42912/I/88/6 दि. 10.02.26

## चीन-कोरिया ने खतरनाक एआई एजेंट पर चेताया, एक एआई टूल से हिला टेक बाजार, कंपनियों के डूबे खरबों डॉलर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की तेज होती रफ्तार अब सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री के लिए दोधारी तलवार बनती दिख रही है। बीते एक हफ्ते में दुनिया की बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनियों का कुल बाजार मूल्य एक खरब डॉलर से ज्यादा घट गया है। इस गिरावट की बड़ी वजह एक नया एआई टूल माना जा रहा है, जिसने निवेशकों को चौंका दिया। अमेरिका से लेकर भारत तक टेक शेयरों में भारी बिकवाली दिखी और यह सवाल उठने लगा कि क्या एआई टूल खुद टेक कंपनियों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। इस बिकवाली की शुरुआत एंथ्रोपिक के एक ओपन-सोर्स एआई प्लगइन से मानी जा रही है, जिसने बड़े सॉफ्टवेयर नामों को झटका दिया। सर्विस नो, सेल्सफोर्स और माइक्रोसाफ्ट जैसी दिग्गज कंपनियों के शेयरों में तेज गिरावट देखी गई। भारत में भी इसका असर साफ दिखा, जहां आईटी सेक्टर का सॉफ्टवेयर एक्सपोर्टर्स इंडेक्स एक ही दिन में करीब 6 फीसदी टूट गया। टीसीएस, इंफोसिस, एचसीएल टेक और विप्रो जैसे बड़े शेयरों के लिए यह करीब छह साल का सबसे खराब दिन माना गया।

### साइबर सिक्योरिटी कंपनियों की गंभीर चेतावनी

साइबर सुरक्षा कंपनियों ने ओपनक्लेव को लेकर और गंभीर चेतावनियां दी हैं। स्लोवमिस्ट और कोई सिक्यूरिटी जैसी फर्मों ने दावा किया है कि इसके कई एक्सटेंशन में खतरनाक इंफोस्टीलर पाए गए हैं, जो संवेदनशील डेटा चुरा सकते हैं। वहीं पोलो अल्टो नेटवर्क ने इसे 'घातक तिकड़ी' बताया है। जो निजी डेटा तक पहुंच, अनजान कंटेंट से संपर्क और बाहरी सिस्टम से संवाद की क्षमता रखती है। विशेषज्ञों का मानना है कि बिना सख्त नियमों के ऐसे स्वायत्त एआई एजेंट भविष्य में बड़े साइबर संकट की वजह बन सकते हैं।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु.न. 25 दिनांक 04.02.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना शहर गोहाना जिला सोनीपत ।

गुमशुदा की पहचान
नाम - नेहा ।
पिता का नाम शमशेर ।
पता - वासी वार्ड न0.4 शिव नगर गोहाना जिला सोनीपत ।
उम्र-21 वर्ष
कद-5 फुट ।
हुलिया- रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखें, गोल नाक, पतला शरीर हैं।
पहनावा - सफेद रंग का सूट-सलवार, पैरों में हरे रंग के जूते पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 03.02.2026 को नेहा पुत्री शमशेर वासी वार्ड न0.4 शिव नगर गोहाना जिला सोनीपत बिना किसी को बताए अपने घर से कहीं चली गयी है। अब तक वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।
प्रबन्धक थाना 7419410544
अनुसंधानकर्ता मो0 न०. - 9050767000
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त ।
मुख्यालय, सोनीपत ।

पीआरडीएच 1084/11/4456/2026/42887/88/6 दि. 10.02.2026

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## टोरेंट पावर का लाभ 34% बढ़कर 655 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** टोरेंट समूह की कंपनी टोरेंट पावर लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ करीब 34 प्रतिशत बढ़कर 654.74 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से राजस्व में वृद्धि के कारण मुनाफे में यह उछाल आया है। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 489.33 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 6,847.02 करोड़ रुपये रही।

**हैफेड जिला कार्यालय भिवानी**
मो. नं. 8059540708
ई-मेल : dmhfd-bhw@hafed.gov.in, dmhfdbhw@gmail.com
HAFED

**खाद्यान्नों के लिए भण्डारण स्थान किराये पर लेने हेतु प्रेस नोट**


वास्तविक उपयोगिता आधार पर आधारित भिवानी और चरखी दादरी जिले में रबी विपणन ऋतु 2026-27 के दौरान खाद्यान्न स्टॉक्स के लिए भण्डारण स्थान की आवश्यकता है। उपयुक्त अप्रोच रोड, पर्याप्त भण्डारण क्षमता रखने वाले और विभागीय नियमों को पूरा करने वाले उपयुक्त गोदामों/प्लिंथ्स मालिकों से हैफेड, भिवानी को उनके परिसरों का ऑफर देने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक पार्टियां हांसी रोड, निकट वीटा मिल्क प्लांट, भिवानी में जिला कार्यालय हैफेड, भिवानी में परिसरों के सम्बद्ध विवरण/दस्तावेजों सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के अंदर कार्यदिवसों को सम्पर्क कर सकती हैं।

**हैफेड बिना कोई कारण बताए किसी प्रस्ताव को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।**

हस्ता/- जिला प्रबंधक
हैफेड, भिवानी

संवाद-1023/11/55/2026/42894/सी/88/6 दि. 10.02.26

## शब्द पहेली - 6135




**बाएँ से दाए**
1. असहकार-5
4. शत्रुता, दुश्मनी-4
7. नाच, नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर, शिव-4
11. संज्ञा, संबोधन-2
13. वेग, गति-3
14. महसूल, राहदरी-2
15. अंधकार, अंधेरा-3
17. कुंजी, ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता, बेगानापन-5
25. समय, वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा, सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी, धूल-2
32. नट, बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स, हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1. तराजू डंडा, पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना, अड़ जाना-3
5. जंगल, कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी, धन-4
12. वोट, राय-2
16. राजा, महाराजा-3
17. चतुर्थ, चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन, देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर, लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना, बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल, नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी, अवकाश-2
37. राख, मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 6134 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ग | र | ज | ना | ■ | र | स | ही | न | ■ |
| गु | ■ | ■ | वा | ■ | ढ | ■ | हा | ■ | ■ | ग |
| जा | ■ | म | नी | षा | को | ई | रा | ला | ■ | र |
| र | ट | ना | ■ | ■ | स | ■ | ■ | य | म | ज |
| ना | ■ | ना | ■ | क | ला | म | ■ | क | ल | ■ |
| ■ | र | ■ | गै | र | ■ | ह | स्त | ■ | ना | ■ |
| ■ | क | वि | ■ | वा | द | क | ■ | सु | ■ | स |
| क | म | रा | ■ | ■ | श | ■ | ■ | ब | से | रा |
| प | ■ | म | न | मो | ह | न | सिं | ह | ■ | बो |
| ट | ■ | ■ | क | ■ | रा | ■ | गा | ■ | ■ | र |
| ■ | म | त | ल | ब | ■ | ल | र | ज | ना | ■ |



## बच्चों के लापता होने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता और कहा

# इसके पीछे देशभर में कोई नेटवर्क तो नहीं चल रहा, सरकार करे पता व डेटा भी जुटाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

### एडिशनल सॉलिसिटर जनरल बोलीं-कुछ राज्यों ने डेटा दिया

बच्चों के लापता होने की खबरों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह पता करे कि इसके पीछे कोई देशव्यापी नेटवर्क तो नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि आप जानकारी दें कि क्या पूरे देश में ऐसा कोई नेटवर्क है या फिर किसी राज्य में ही स्टेट लेवल पर ऐसा चल रहा है। बीते कुछ दिनों में बच्चों के गायब होने की खबरें काफी चर्चा में रही थीं।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने कहा कि यह पता लगाने की जरूरत है कि ऐसी घटनाओं के पीछे कोई एक ही पैटर्न है या फिर ऐसी घटनाओं में आपस में कोई संबंध नहीं है। अदालत ने केंद्र सरकार से कहा कि वह ऐसी घटनाओं का सभी राज्यों से ब्योरा जुटाए। इस दौरान केंद्र सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्य भाटी मौजूद थीं। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों की ओर बच्चों के लापता होने का डेटा दिया गया है।

जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस भुइयां की बेंच ने कहा



#### 8 मिनट में एक बच्चे के गायब होने पर भी सवाल किए

दरअसल अदालत ने 9 दिसंबर को ही केंद्र सरकार को आदेश दिया था कि वह बीते 6 सालों का देश भर का डेटा जुटाए। इससे पता चल सकेगा कि कितने बच्चे कहां से कब किडनैप हुए हैं? होम मिनिस्ट्री को उसने आदेश दिया था कि देश भर का डेटा एकत्रित किया जाए। इसके अलावा अदालत का यह भी कहना था कि पूरे डेटा को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाए। दरअसल बीते साल 18 नवंबर को एक रिपोर्ट आई थी। इसमें कहा गया था कि हर 8 मिनट पर देश में एक बच्चा गायब हो जाता है और यह गंभीर मसला है। इस पर अदालत ने कहा था कि इस मामले की जटिलता को देखते हुए सरकार डेटा जुटाए और फिर सही मेकेनिज्म तैयार किया जाए।

#### जिन बच्चों को बचाया गया उनके इंटरव्यू लें

पीठ ने सरकार को यह सुझाव भी दिया कि जिन लोगों को किडनैपिंग से बचाया गया है। उनके इंटरव्यू करने चाहिए। इससे कुछ अंदाजा लग सकेगा कि आखिर ऐसी घटनाओं को कौन अंजाम दे रहा है। इसके अलावा बेंच ने ऐसे राज्यों के रवैये पर भी आपत्ति जताई, जिन्होंने डेटा नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि जरूरी हुआ तो हम इस मामले में कोई सख्त आदेश भी जारी करेंगे। इस पर केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि हमने प्रयास शुरू कर दिए हैं। सभी राज्यों से डेटा की डिमांड की गई है। दरअसल इस मामले में एक एनजीओ की ओर से याचिका दाखिल की गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने यह आदेश दिया है।

#### 12 राज्यों ने कोई जानकारी नहीं दी

ऐसे मामलों में चल रहे मुकदमों का स्टेटस भी मिला है, लेकिन अब भी करीब एक दर्जन ऐसे राज्य हैं, जहां से जानकारी नहीं मिल पाई है। ऐश्वर्या ने कहा कि केंद्र सरकार को पूरा डेटा मिलने के बाद ही उसका विश्लेषण किया जा सकता है। इस पर बेंच ने भाटी से कहा, 'हम यह जानना चाहते हैं कि इसके पीछे कोई राष्ट्रव्यापी नेटवर्क है या फिर राज्य स्तर पर ही ऐसा कुछ हो रहा है। यह कोई पैटर्न है या फिर इन घटनाओं में कोई आपसी ताल्लुक नहीं है।'

#### पॉक्सो मामले में हाईकोर्ट के आदेश पर स्वतः संज्ञान लिया

सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2025 में पारित इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर स्वतः संज्ञान लिया जिसमें पॉक्सो मामले के आरोपों को 'छेड़छाड़' तक सीमित कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी से न्यायाधीशों को विशिष्ट प्रशिक्षण देकर संवेदनशील बनाने पर गौर करने को कहा है। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने कहा कि उक्त फैसले में जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया गया है, वह अपराध की गंभीरता को कमतर बनाने वाले लगते हैं। वे 11 साल की बच्ची को पुलिया के नीचे खींच ले गए। उसके कपड़े उतारने की कोशिश की। सलवार का नाड़ा तोड़ दिया। इस मामले में हाईकोर्ट जज ने कहा कि क्योंकि वह उनके साथ जाने के लिए सहमत हो गई थी, इसलिए आपने आरोपी को ऐसी हरकत करने को आमंत्रित किया है। कोलकाता रेप मामले में भी ऐसा ही हुआ था। निर्णय में इस तरह की भाषा का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। केरल राज्य के विधिक सेवा प्राधिकरण पीड़ित अधिकार केंद्र के सहयोग से हम उम्र के अनुरूप भाषा के संबंध में संवेदीकरण का काम भी कर रहे हैं।




## याचिकाकर्ता ने इसके माध्यम से किया केवल सनसनी फैलाने का प्रयास, दिल्ली विवि को दिया 3 सप्ताह का अतिरिक्त समय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

### प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई

#### नोटिस जारी करना दिखावे के लिए नहीं हो सकता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री से जुड़ी जानकारी के खुलासे को लेकर चल रहे मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) को बड़ी राहत दी। कोर्ट ने अपील दाखिल करने में हुई देरी पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए विश्वविद्यालय को तीन सप्ताह का अतिरिक्त समय दे दिया। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की खंडपीठ ने कहा जैसा कि प्रार्थना की गई है, देरी माफ करने से संबंधित आवेदन पर आपत्ति दाखिल करने के लिए 3 सप्ताह का समय दिया जाता है। मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल को होगी।

**अगली सुनवाई 27 अप्रैल को होगी**

अपीलकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील ने कोर्ट को बताया कि करीब ढाई महीने बीत जाने के बावजूद डीयू ने देरी पर आपत्ति दाखिल नहीं की है। उन्होंने कहा कि यह देरी केवल 15 से 45 दिनों की है, जिसे अदालत आसानी से माफ कर सकती है। वकील ने यह भी मांग की कि यदि दिल्ली विश्वविद्यालय मुख्य अपील पर जवाब देना चाहता है, तो कोर्ट औपचारिक नोटिस जारी करे। इस पर सॉलिसिटर जनरल मेहता ने आपत्ति जताते हुए कहा नोटिस जारी करना सिर्फ सनसनी फैलाने के लिए नहीं हो सकता।

### रणवीर सिंह को जान से मारने की धमकी, करोड़ों रुपये की मांगी फिरौती

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को मंगलवार को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी वॉट्सएप पर भेजे गए एक वॉइस नोट के जरिए दी गई है, इसमें आरोपी ने करोड़ों रुपये की फिरौती की मांग की है। सूत्रों के मुताबिक, धमकी मिलने के तुरंत बाद मुंबई पुलिस ने रणवीर सिंह के बांद्रा स्थित आवास के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी है। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। यह घटना फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के मुंबई स्थित घर के बाहर 31 जनवरी को पांच राउंड फायरिंग की घटना के बाद आया है, इससे मुंबई पुलिस मामले में ज्यादा सजग है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि धमकी भरे वॉइस नोट में आरोपी ने खुद को गंभीर अपराध से जुड़ा बताया है और बड़ी रकम नहीं देने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। पुलिस ने वॉइस नोट को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है।

**उत्तर रेलवे**

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

1. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, भारतीय रेल द्वारा नियुक्ति अधिकृत टिकटिंग एजेंटों (जैसे JTBS, RTSA, RTA, STBA आदि) एवं IRCTC द्वारा नियुक्त एजेंटों से कम्प्यूटरीकृत **यात्री आरक्षण प्रणाली (PRS)–सह–अनारक्षित टिकट प्रणाली (UTS)** टर्मिनलों की स्थापना एवं संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित करते हैं, जिन्हें **यात्री टिकट सुविधा केंद्र (YTSK)** कहा जाएगा। यह योजना उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल के अधिकार क्षेत्र में लागू होगी। निर्धारित पात्रता शर्तों को पूर्ण करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।
2. **यात्री टिकट सुविधा केंद्र (YTSK)** का आवंटन तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए होगा। निम्नलिखित स्टेशनों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं: **चंडीगढ़, अंबाला कैंट, अंबाला सिटी, सहारनपुर, शिमला, पटियाला, बठिंडा, सरहिन्द, यमुनानगर–जगाधरी, राजपुरा, रूपनगर, नंगल डैम, कालका, सोलन, एवं संगरूर।**
3. योजना का विस्तृत विवरण, जिसमें आवेदन प्रपत्र, पात्रता मानदंड, नियम एवं शर्तें तथा YTSK का प्रारूप अनुबंध शामिल है, उत्तर रेलवे की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है: **www.nr.indianrailways.gov.in**
4. समस्त आवश्यक एवं निर्धारित दस्तावेजों सहित विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र सीलबंद लिफाफे में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, वाणिज्य शाखा, उत्तर रेलवे, अंबाला–133001 के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 03.03.2026 को 15:00 बजे तक जमा किया जा सकता है।
5. आवेदन प्रपत्र 10.02.2026 से उत्तर रेलवे की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। • आवेदन प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि: 03.03.2026 को 13:00 बजे तक • आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय: 03.03.2026 को 10:00 बजे से 15:00 बजे तक • आवेदन खोलने की तिथि एवं समय: 03.03.2026 को 15:30 बजे। 03.03.2026 को 15:00 बजे के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

संख्या.: **C-37/YTSK/UMB Division/2023** दिनांक: **09.02.2026** **449/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शिंदे की दो टूक सलमान खान भारतीय नागरिक नहीं हैं क्या?

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक्टर सलमान खान के संघ के कार्यक्रम में शामिल होने पर उठे विवाद का बचाव किया। उन्होंने कहा कि खान आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के कार्यक्रम में गए या नहीं गए, यह किस तरह का सवाल है? खान भारतीय नागरिक नहीं है क्या? खान एक भारतीय नागरिक हैं। वे घर में भगवान गणेश की स्थापना करते हैं। हमारी संस्कृति का सम्मान करते हैं और उनका परिवार भी ऐसा ही करता है।



### सलमान तो उद्धव से बड़े हिंदू दिखे: राणे

महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे ने अब बार फिर ऐसी बात कह दी है, जिससे महाराष्ट्र की सियासत में चर्चा का विषय बन गई है। भारत में हिंदुत्व के लिए मुखर रहने वाली पार्टी शिवसेना यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे पर राणे ने बड़ा तंज कसा है।

### असम में एसआर-2026 की अंतिम मतदाता सूची जारी

## 2.43 लाख लोगों के नाम हटाए गए 2.49 करोड़ से ज्यादा वोटर शामिल

राज्य चुनाव आयोग ने मंगलवार को जानकारी दी

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

चुनाव आयोग ने मंगलवार को असम की 126 विधानसभा सीटों के लिए विशेष पुनर्निरीक्षण (एसआर) 2026 की अंतिम मतदाता सूची जारी की है, जिसमें 2.49 करोड़ से ज्यादा वोटर हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी असम के अनुसार ड्राफ्ट मतदाता सूची में कुल मतदाताओं की संख्या 2,52,01,624 थी, जो अंतिम सूची में घटकर 2,49,58,139 हो गई है यानी ड्राफ्ट रोल से 2.43 लाख नाम हटाए गए। इस अंतिम सूची में 1,24,82,213 पुरुष मतदाता, 1,24,75,583 महिला मतदाता और 343 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं।



#### इंटीग्रेटेड ड्राफ्ट वोटर लिस्ट दी

असम के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय की तरफ से कहा गया है कि एसआर 2026 के लिए इंटीग्रेटेड ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 27 दिसंबर 2025 को पब्लिश की गई थी। इससे पहले 22 नवंबर 2025 से 20 दिसंबर 2025 तक हाउस-टू-हाउस सत्यापन अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया।

#### *लोग स्पेशल रिविजन प्रक्रिया में शामिल हों*

*मतदाता दावे और आपतियां 27 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दाखिल कर सकते थे। आयोग ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्पेशल रिविजन प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें, ताकि सटीक और अद्यतन मतदाता सूची सुनिश्चित की जा सके। यह सूची स्वतंत्र , निष्पक्ष चुनाव का आधार है।*

### वकील की ड्रेस पहनकर कोर्ट पहुंचा हत्यारा

**संभल।** धनारी थाना क्षेत्र से अपहत कर हत्या किए गए दो सगे भाइयों के मामले में फरार चल रहा हत्यारोपित धनवीर सोमवार को चंदौसी न्यायालय में अधिवक्ता की ड्रेस पहनकर पहुंचा और अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस को पहले से ही उसके समर्पण की सूचना मिल गई थी, लेकिन वह प्रवेश करने में सफल रहा।



**कब्जा सूचना-(अचल सम्पति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्रीमती नान्ही श्री विनोद कुमार किरयाना शॉप (**प्रोस्पैक्ट नं. IL10560871**) | मौजा एम.सी. महम, रोहतक, हरियाणा, भारत, 124112 में स्थित खेवट नं. 856, खतौनी नं. 904, किल्ला नं. 153//6/3(4-10) में से सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 540.00, 537.00, 429.00 | रु. **418623/-** रुपये चार लाख अठारह हजार छह सौ तेईस केवल) | **12-09-2025** | **06/02 /2026** |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 11.02.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

### सुनेत्रा ने डिप्टी सीएम का पदभार संभाला

## महाराष्ट्र के कल्याण और विकास के लिए पूरी निष्ठा से काम करूंगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सुनेत्रा पवार ने मंगलवार को महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री पद का चार्ज संभाला और अपने स्वर्गीय पति अजित पवार की विरासत और आदर्शों को बनाए रखने और एक ज्यादा काबिल राज्य बनाने के लिए ईमानदारी से कोशिश करने का वादा किया। डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार ने कहा कि वेमहाराष्ट्र की भलाई के लिए पूरी वफादारी और लगन से काम करती रहेंगी। इस अवसर पर एनसीपी के वर्किंग प्रेसिडेंट प्रफुल्ल पटेल, स्टेट यूनिट चीफ सुनील तटकरे, छगन भुजबल, हसन मुशरिफ, नरहरि जिरवाल समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।



### सरमा ने झूठा और दुर्भावनापूर्ण करार दिया

## गोगोई, भूपेश समेत 3 नेताओं पर ठोका 500 करोड़ का केस

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं- जितेंद्र सिंह, भूपेश बघेल और गौरव गोगोई के खिलाफ 500 करोड़ रुपए का मानहानि का मुकदमा दायर किया है। यह कार्रवाई कांग्रेस नेताओं की ओर से मुख्यमंत्री और उनके परिवार की संपत्ति को लेकर लगाए गए आरोपों के बाद की गई है। दरअसल, यह मामला 4 फरवरी को गुवाहाटी में आयोजित एक संयुक्त प्रेस वार्ता से शुरू हुआ। असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने दावा किया था कि पार्टी की आंतरिक जांच में यह सामने आया है कि मुख्यमंत्री और उनके परिवार ने राज्य भर में लगभग 12,000 बीघा जमीन पर कब्जा कर रखा है।


गौरव गोगोई


हिमंता सरमा

### कर्नाटक में कुर्सी की अंतर्कलह पर विधायकों ने डाला आग में 'घी'

## शिवकुमार को सीएम बनाने 80-90 विधायकों ने बनाया दबाव

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में जारी अंतर्कलह लगाता बढ़ती जा रही है। हाल ही में कांग्रेस एमएलसी यतींद्र सिद्धारमैया ने अपने पिता सिद्धारमैया को लेकर कहा था कि वे पूरे 5साल तक मुख्यमंत्री रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सीएम बदलने का मुद्दा अब खत्म हो गया है। इस बीच अब कांग्रेस विधायक इकबाल हुसैन ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि पार्टी के 80-90 विधायकों ने मुख्यमंत्री पद के लिए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का नाम हाई कमान को दिया है। हुसैन ने कहा कि हमने यह मामला हाई कमान पर छोड़ दिया है। हम एक अनुशासित पार्टी हैं और हमें शालीनता से व्यवहार करना होगा। हमें यह पसंद नहीं है कि वह (यतींद्र ) बार-बार पिता के पक्ष में बोलकर आलाकमान को शर्मिंदा कर रहे हैं।



#### *कांग्रेस विधायक इकबाल ने बड़ा दावा कर यह बात कही*





#### डीके के खुले समर्थन में हुसैन

उन्होंने कहा कि हम सभी के मन में यही इच्छा है कि डीके को मौका दिया जाए। हर कोई यही चाहता है, लेकिन हमें बयानबाजी से कोई भ्रम पैदा नहीं करना चाहिए, इसीलिए सब चुप हैं और कुछ लोग आपस में बात कर रहे हैं। मैं खुले दिल से, जैसा कि मैंने पहले दिन से कहा है यही मेरी इच्छा है कि डीके को इसी कार्यकाल में मौका दिया जाए।कांग्रेस एमएलसी चन्नाराज हट्टीहोली ने भी कहा कि मेरी इच्छा है कि डीके जल्द ही मुख्यमंत्री बनें।

#### दिल्ली में आलाकमान संग बैठक करेंगे शिवकुमार

पिछले हफ्ते यतींद्र ने कहा था कि कांग्रेस हाई कमान ने सिद्धारमैया को पूरे कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री बने रहने की हरी झंडी दे दी है।यतींद्र के बयान पर शिवकुमार ने कहा कि ऐसे बयान पार्टी को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने यह बयान दिल्ली में एक पार्टी बैठक के लिए रवाना होने से पहले दिया। उन्होंने कहा कि वे आगामी राज्य चुनावों पर एआईसीसी की बैठक में भाग लेने जा रहे हैं।

#### डीके ने पार्टी नेताओं को दी नसीहत

शिवकुमार ने कहा कि आज मेरी एआईसीसी में विभिन्न चुनावों से संबंधित राजनीतिक मामलों पर बैठक है, इसलिए मैं (दिल्ली) जा रहा हूं। एआईसीसी ने मुझे बुलाया है क्योंकि तारीखों की घोषणा होनी बाकी है।

**ISGEC**

**इस्जेक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड**

**पंजी. कार्यालय : रादौर रोड, यमुनानगर–135001, हरियाणा**

**CIN:** L23423HR1933PLC000097, **Tel:** +91-120-4085405

**Email:** cfo@isgec.com, **Website:** www.isgec.com

**31.12.2025 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सार**

(अर्जन प्रति शेयर को छोड़कर रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही 31.12.2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त नौ माह 31.12.2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.12.2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त नौ माह 31.12.2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.12.2024 (अअंकेक्षित) |
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 136,527 | 370,294 | 112,776 | 175,635 | 484,061 | 149,972 |
| 2. | अवधि हेतु निरंतर प्रचालनों से शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 11,299 | 33,632 | 7,847 | 16,690 | 39,857 | 8,722 |
| 3. | कर से पूर्व अवधि हेतु निरंतर प्रचालनों से शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 9,896 | 32,229 | 7,847 | 15,041 | 38,208 | 8,722 |
| 4. | कर के बाद अवधि हेतु निरंतर प्रचालनों से शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 7,517 | 24,613 | 5,866 | 11, 217 | 27,411 | 5,828 |
| 5. | कर के बाद अवधि हेतु निरंतर प्रचालनों से शुद्ध लाभ/(हानि) | - | - | - | (2,773) | (7,476) | (3,518) |
| 6. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [(अवधि हेतु निहित लाभ/ (हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 8,054 | 25,077 | 5,877 | 9,024 | 19,506 | 2,334 |
| 7. | इक्विटी शेयर कैपिटल | 735 | 735 | 735 | 735 | 735 | 735 |
| 8. | रिजर्व्स (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार | 2,40,951 | | | 2,73,142 | | |
| 9. | अर्जन प्रति इक्विटी शेयर (रु. 1/- प्रत्येक के) (वार्षिकृत नहीं) | | | | | | |
| | (ए) बेसिक - निरंतर प्रचालनों हेतु (रु. में) | 10.22 | 33.47 | 7.98 | 13.26 | 32.74 | 7.51 |
| | (बी) डायल्युटेड - निरंतर प्रचालनों हेतु (रु. में) | 10.22 | 33.47 | 7.98 | 13.26 | 32.74 | 7.51 |
| | (सी) बेसिक - अनिरंतर प्रचालनों हेतु (रु. में) | - | - | - | (3.77) | (10.17) | (4.78) |
| | (डी) डायल्युटेड - अनिरंतर प्रचालनों हेतु (रु. में) | - | - | - | (3.77) | (10.17) | (4.78) |
| | (ई) बेसिक - निरंतर व अनिरंतर प्रचालनों हेतु (रु. में) | 10.22 | 33.47 | 7.98 | 9.49 | 22.57 | 2.73 |
| | (एफ) डायल्युटेड - निरंतर व अनिरंतर प्रचालनों हेतु (रु. में) | 10.22 | 33.47 | 7.98 | 9.49 | 22.57 | 2.73 |

**टिप्पणी :–**

1. कम्पनी के उपरोक्त स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 09 फरवरी 2026 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर लिये गये।
2. कम्पनी के इन स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों को कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 में विनिर्दिष्ट अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानदंड) नियमों, 2015, (संशोधित अनुसार) के तहत अधिसूचित लागू भारतीय लेखा मानकों (Ind AS) के मापन सिद्धांतों और मान्यता के अनुरूप तैयार किए गए हैं।
3. सेबी सरकुलर CIR/CFD/CMD/56/2016 दिनांक 27 मई 2016 के सम्बन्ध में, कम्पनी एतद द्वारा घोषणा करती है कि अंकेक्षकों ने 31 दिसम्बर 2025 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अरूपांतरित मत सहित स्टैंडअलोन एवं समेकित दोनों हेतु वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा रिपोर्ट जारी कर दी है।
4. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ओब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट www.bseindia.com , www.nseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.isgec.com पर उपलब्ध हैं। ये नीचे दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन करके देखे जा सकते हैं।
5. भारत सरकार ने चार श्रम संहिताओं को शामिल करते हुए एक यूनिफाइड फ्रेमवर्क के अंदर 29 मौजूदा श्रम कानूनों को समेकित कर दिया है। संहिताओं को 21 नवम्बर 2025 से प्रभावी बना दिया गया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने नियमनों में परिवर्तन की वजह से वित्तीय प्रभाव के मूल्यांकन में सक्षम बनाने के लिए ड्राफ्ट केन्द्रीय नियमों और एफएक्यूएस प्रकाशित किया।
   नई श्रम संहिताओं के परिणामस्वरूप इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया द्वारा प्रदान किए गए दिशा-निर्देशों के समरूप और वास्तविक जीवनांकिक मूल्यांकन के आधार पर क्रमशः रु. 1403 लाख और रु. 1649 लाख के ग्रुप और कम्पनी के कर्मचारी लाभों हेतु प्रावधान में अनुमानित एकबारगी बढ़ौतरी की है और इसको वर्तमान रिपोर्टिंग अवधि में, एक असाधारण मद के तौर पर मान्यता दी गई है। एकबार केन्द्रीय/राज्य नियमों को संहिताओं के सभी पहलुओं पर सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाता है, कम्पनी का कर्मचारी लाभों के मापन पर प्रभाव, यदि कोई हो, का पुनर्मूल्यांकन करेगी और उपयुक्त लेखा उपाय प्रदान करेगी।
6. (ए) इस्जेक इनवेस्टमेंट्स प्राईवेट लिमिटेड, सिंगापुर (आईआईपीएल), कम्पनी की एक पूर्णतया स्वामित्व वाली सब्सिडीयरी ने एसपीए के साथ-साथ इसके पूर्णतया स्वामित्व वाली सब्सिडीयरी "बायोएक एनर्जी होल्डिंग्स वन, केमैन आयलैंड्स" में इसकी सम्पूर्ण शेयरहोल्डिंग को बेचने के लिए माह दिसम्बर 2024 में एक खरीददार के साथ बिक्री एवं खरीद अनुबंध (एसपीए) का समझौता कर चुकी थी :
   i) कम्पनी खरीददार को आईआईपीएल की स्टेप-डाउन सब्सिडीयरीज में से एक से देय इसके प्राप्तियोग्य ट्रेड को सौंपने के लिए एक एग्रीमेंट पर भी समझौता कर चुकी थी ; और
   ii) आईआईपीएल खरीददार को आईआईपीएल की स्टैप-डाउन सब्सिडीयरीज से प्राप्तियोग्य इसके ऋण और ब्याज सौंपने के लिए एक एग्रीमेंट का समझौता भी कर चुकी थी।
   (बी) शेयरों की बिक्री के उपरोक्त लेन-देन की पूर्णता पर, सभी स्टैप-डाउन सब्सिडीयरीज और आईआईपीएल की एसोसिएट कम्पनी होना बंद कर देगी।
   (सी) यद्यपि, खरीददार 15 सितम्बर 2025 को समाप्त उपरोक्त एसपीए और अपेक्षित भुगतानों में करने में विफल रहा।
   (डी) आईआईपीएल "बायोएक एनर्जी होल्डिंग्स वन, केमैन आयलैंड्स" की बिक्री के लिए अन्य विकल्पों के लिए सक्रिय रूप से अब भी तलाश में है और इसलिए कम्पनी बिक्री के लिए आयोजित अनुसार उनके तहत धारित अनिरंतर प्रचालनों और परिसम्पत्तियों और देनदारियों के तौर पर आईआईपीएल की एसोसिएट कम्पनी और सभी स्टैप-डाउन सब्सिडीयरीज कम्पनियों के प्रचालन पर विचार करती है।
   (ई) यह तार्किक रूप से उम्मीद की जाती है कि उपरोक्त अनुसार सभी प्राप्तियोग्य ट्रेड, प्राप्तियोग्य ऋण और ब्याज को भविष्य में बिक्री के ट्रांजेक्शन से वसूल किया जाएगा।
7. अनुकूल पूर्ववर्ती अवधियों हेतु आंकड़े उनको तुलनायोग्य बनाने के लिये जहां आवश्यक हुआ रिग्रुप्ड कर लिये गये हैं।

कृते इस्जेक हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड

दिनांक: 09 फरवरी 2026
स्थान : नोएडा

(आदित्य पुरी)
प्रबंध निदेशक

## चिंतन

# खुद की सजगता ही बचा सकती है साइबर ठगी से

डिजिटल तकनीक ने जहां देश को नई गति दी है, वहीं इसके खतरे भी कम नहीं हैं। बैंकिंग से लेकर सरकारी सेवाओं तक, हर क्षेत्र में ऑनलाइन माध्यम ने सुविधाएं बढ़ाई हैं, लेकिन इस डिजिटल विस्तार के साथ साइबर ठगी का जाल भी तेज़ी से फैला है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि अब तक 54 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि डिजिटल ठगी के जरिए निकाली जा चुकी है। यह आंकड़ा सिर्फ आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि व्यवस्था की कमजोरी और नागरिकों की असुरक्षा को भी उजागर करता है। सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल धोखाधड़ी को डकैती और लूट की संज्ञा देते हुए इसे गंभीर राष्ट्रीय समस्या बताया है, जो समय रहते नहीं रोकी गई तो इसके परिणाम और भयावह होंगे। ठगी के मामलों में एक बात साफ दिखाई देती है कि ठग तकनीक से ज़्यादा मानसिक कमजोरियों का फायदा उठाते हैं। लालच और अज्ञानता उनके सबसे बड़े हथियार हैं। आसान मुनाफे का लालच देकर, डर पैदा करना और विवेक को शून्य कर देना, यही उनकी रणनीति है। कभी केवाईसी अपडेट के नाम पर, कभी फर्जी निवेश योजना, तो कभी सरकारी कार्रवाई का भय दिखाकर डिजिटल अरेस्ट करने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। डिजिटल धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी महज चेतावनी नहीं, बल्कि व्यवस्था को आईना दिखाने वाली है। अदालत ने साफ कहा है कि इतने बड़े पैमाने पर हो रही ठगी में बैंकों की लापरवाही या अधिकारियों की मिलीभगत की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा तैयार स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) को पूरे देश में प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। आरबीआई की एसओपी में यह प्रावधान है कि साइबर फ्रॉड की आशंका होते ही तुरंत कार्रवाई की जाए, जैसे संदिग्ध लेन-देन पर डेबिट कार्ड को अस्थायी रूप से होल्ड पर डालना, खाते की गतिविधि सीमित करना और समयबद्ध जांच। इसका उद्देश्य नुकसान को शुरुआती स्तर पर ही रोकना है। समस्या यह नहीं कि नियम मौजूद नहीं हैं, बल्कि यह है कि उनका पालन ढीले-ढाले तरीके से किया जा रहा है। सरकार के लिए यह जरूरी है कि वह केवल दिशानिर्देश जारी करने तक सीमित न रहे, बल्कि उनके पालन की निगरानी भी सुनिश्चित करे। डिजिटल ठगी का एक और खतरनाक रूप है लोगों को डिजिटल अरेस्ट करना और सरकार के नाम पर लॉटरी टिकट बेचकर लोगों को ठगना। ठग खुद को सरकारी एजेंसी, राज्य लॉटरी विभाग या किसी प्रतिष्ठित सरकारी योजना का प्रतिनिधि बताकर लोगों को फोन या मैसेज करते हैं। बड़ी इनामी राशि का लालच देकर पहले मामूली रजिस्ट्रेशन फीस, टैक्स या प्रोसेसिंग चार्ज के नाम पर पैसे ऐंठे जाते हैं। इसके बाद कभी दस्तावेज़ों में कमी, तो कभी नए शुल्क का बहाना बनाकर ठगी का सिलसिला चलता रहता है। डिजिटल ठगी के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार या अदालत की नहीं, बल्कि समाज की भी है। सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। कोई भी अनजान कॉल, लिंक या लालच भरा ऑफर चाहे वह सरकारी के नाम से ही क्यों न आए, बिना जांच के स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। बैंक या सरकारी विभाग कभी भी फोन पर ओटीपी, पिन या पासवर्ड नहीं मांगते। जागरूक नागरिक, सख्त कानून और जवाबदेह व्यवस्था इन तीनों के बिना डिजिटल भारत का सपना सुरक्षित नहीं हो सकता।



अर्थव्यवस्था
प्रमोद भार्गव

# अनूठा है भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

भारत और अमेरिका के बीच हुआ व्यापार समझौता विलक्षण है। इससे कई नए आयाम तो आकार लेंगे ही, वहीं टैरिफ भी वापस होगा, जो अमेरिका ने जुर्माने के रूप में वसूला है। इस समझौते की एक और खास बात है कि भारतीय कृषि और डेयरी उद्योग की सुरक्षा और शुद्धता को कोई नुकसान नहीं होगा, बल्कि किसानों की आय बढ़ेगी। भारत के सम्मान को बरकरार रखने वाला समझौता पहले कभी देखने-सुनने में नहीं आया। उल्लेखित इन विषयों को लेकर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी सार्वजनिक खुलासा कर चुके हैं। साफ़ है कि इस समझौते के बाद व्यापार और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसरों का लम्बा दौर चलेगा।

भारत और अमेरिका के बीच तनातनी के चलते हुआ व्यापार समझौता विलक्षण है। इससे कई नए आयाम तो आकार लेंगे ही, वहीं टैरिफ भी वापस होगा, जो अमेरिका ने जुर्माने के रूप में वसूला है। इस समझौते की एक और खास बात है कि भारतीय कृषि और डेयरी उद्योग की सुरक्षा और शुद्धता को कोई नुकसान नहीं होगा, बल्कि किसानों की आय बढ़ेगी। भारत के सम्मान को बरकरार रखने वाला समझौता पहले कभी देखने-सुनने में नहीं आया। उल्लेखित इन विषयों को लेकर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी सार्वजनिक खुलासा कर चुके हैं। साफ़ है कि इस समझौते के बाद व्यापार और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसरों का लम्बा दौर चलेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 1 अगस्त 2025 से भारत पर 25 प्रतिशत ऊल-जलूल टैरिफ थोप दिया था। यही नहीं, ट्रंप ने रूस से सैन्य उपकरण और कच्चा तेल खरीदने की वजह से अतिरिक्त जुर्माना लगाने का भी एकतरफा निर्णय ले लिया था। यह टैरिफ भारतीय दुग्ध एवं कृषि उत्पाद हड़पने की दृष्टि से लगाया गया था, जिससे भारत दबाव में आकर इन उत्पादों के लिए भारतीय बाजार खोल दे, लेकिन भारत भली-भांति जानता था कि अमेरिका के सस्ते अनाज और मांसाहारी दूध के लिए भारतीय बाजार खोल दिया जाता है तो किसान तो तबाह होगा ही, शाकाहारी संस्कृति को भी पलीता लगेगा। साथ ही भारत सरकार जिन प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) को बढ़ावा देकर कृषि और दूध उत्पादों को वैश्विक बाजार में लाने की तैयारी कर रही है, वह विचार भी चकनाचूर हो जाता। इसलिए सरकार ने साफ कर दिया था कि इन क्षेत्रों में बाहरी हस्तक्षेप स्वीकार नहीं है। वैसे भी अब यह सच्चाई सामने आ रही है कि एकतरफा वैश्वीकरण से दुनिया का भला होने वाला नहीं है। अतएव स्वदेशी उत्पादों के जरिए ही आत्मनिर्भर बने रहने की पहल जारी रखनी होगी। भारत इस दिशा में मजबूती से बढ़ भी रहा है। किंतु अब भारत को अमेरिका से हुए समझौते में बड़ी राहत मिली है। अमेरिकी प्रशासन ने न केवल टैरिफ दर को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है,बल्कि रूस से तेल आयात के चलते जुर्माने के रूप में वसूले गए 25 प्रतिशत टैरिफ को वापस करने का फैसला लिया है। वाइट हाउस से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 27 अगस्त 2025 से लेकर 6 फ़रवरी 2026 के बीच जिन आयात वस्तुओं पर जुर्माना लगा है, वह वापस हो जाएगा। उम्मीद बनी है कि इस छूट से भारतीय व्यापारियों को करीब 40 हजार करोड़ की राहत मिलेगी। पीयूष गोयल ने एक साक्षात्कार में साफ किया है कि डेयरी के सभी उत्पाद आनुवंशिक रूप से परिवर्धित उत्पाद भी समझौते से बाहर हैं। इनमें पोल्ट्री, मांस, सोयाबीन, मक्का, चावल, चीनी, गेहूं, ज्वार, बाजरा, रागी, को दो, दाल मूंग, काबुली चना, ग्रीन टी मधु और अनेक प्रकार के फलों को बाहर रखा है। डेयरी उत्पादों में गाय-भैंस का दूध अहम है। इसमें ऐसे पोषक तत्व हैं, जो शरीर और दिमाग दोनों को ही स्वस्थ रखते हैं।

यह दूध ही है, जिससे दही, मट्ठा, मक्खन और घी जैसे सह-उत्पाद निकलते हैं। ये उत्पाद मिठाई की दुकानों से लेकर डेयरी उद्योग के जरिए करोड़ों लोगों के रोजगार



का मजबूत माध्यम बने हुए हैं। लंबे समय तक गाय से पैदा बैल पर ही भारतीय कृषि निर्भर रही है। इसी कृषि की जीडीपी में 24 प्रतिशत की भागीदारी है। भारतीय दुग्ध उत्पादन से लेकर दूध पीने में दुनिया में पहले स्थान पर हैं। इसी दूध पर अमेरिकी बाजार के कब्जे के लिए अमेरिका अपने यहां उत्पादित मांसाहारी दूध बेचना चाहता रहा था। अन्य यूरोपीय देशों की निगाह भी इस दूध के व्यापार पर टिकी हैं। इस बाबत अमेरिका और भारत के बीच 500 बिलियन डॉलर के व्यापार समझौते पर चली बातचीत नाकाम रही थी, क्योंकि इसमें अमेरिकन मांसाहारी दूध के उत्पाद शामिल थे। भारत सरकार ने इस बाबत दो टूक कह दिया था कि अमेरिकी दुग्ध उत्पादों को भारतीय बाजार का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता है। यह हमारे दुग्ध उत्पादक किसानों की आजीविका और उनकी संस्कृति की सुरक्षा से जुड़ा बड़ा प्रश्न है, जो कतई स्वीकार योग्य नहीं है। दरअसल अमेरिका चीज (पनीर) भारत में बेचने का लम्बे समय से इच्छुक था। इस चीज को बनाने की प्रक्रिया में बछड़े की आंत से बने एक पदार्थ का इस्तेमाल होता है। इसे अत्यंत घिनौना कृत्य करके चीज में मिलाया जाता है। शाकाहारी लोग इस प्रक्रिया को देख भी नहीं सकते हैं, इसलिए भारत के शाकाहारियों के लिए यह पनीर वर्जित है। गो-सेवक व गऊ को मां मानने वाला भारतीय समाज इसे स्वीकार नहीं करता। अमेरिका में गायों को मांसयुक्त चारा खिलाया जाता है, जिससे वे ज्यादा दूध दें। हमारे यहां गाय-भैंसें भले ही कूड़े-कचरे में मुंह मारती फिरती हों, लेकिन दुधारू पशुओं को मांस खिलाने की बात कोई सपने में भी नहीं सोच सकता। लिहाजा अमेरिका को चीज बेचने की इजाजत इस डील में नहीं दी गई है। अकेले गुजरात में अमूल समेत 36 लाख दुग्ध उत्पादक हैं। बिना किसी सरकारी मदद के बूते देश में दूध का 70 फीसदी कारोबार असंगठित ढांचा संभाल रहा है। इस कारोबार में ज्यादातर लोग अशिक्षित हैं, लेकिन पारंपरिक ज्ञान से न केवल वे बड़ी मात्रा में दुग्ध उत्पादन में सफल हैं, बल्कि इसके सह-उत्पाद दही, मठा, घी, मक्खन, पनीर, मावा आदि बनाने में भी मर्मज्ञ हैं। दूध का 30 फीसदी कारोबार संगठित ढांचा, मसलन डेयरियों के माध्यम से होता है। देश में दूध उत्पादन में 96 हजार सहकारी संस्थाएं जुड़ी हैं।

14 राज्यों की अपनी दुग्ध सहकारी संस्थाएं हैं। देश में कुल कृषि खाद्य उत्पादों व दूध से जुड़ी प्रसंस्करण सुविधाएं महज दो फीसदी हैं, किंतु वह दूध ही है, जिसका सबसे ज्यादा प्रसंस्करण करके दही, मठा, घी, मक्खन, मावा, पनीर आदि बनाए जाते हैं। इस कारोबार की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इससे आठ करोड़ से भी ज्यादा लोगों की आजीविका जुड़ी है। करीब 1.5 करोड़ परिवार ही सहकारी दुग्ध उत्पादकता से जुड़े हैं, जबकि 6.5 करोड़ ग्रामीण परिवार आज भी सहकारिता के दायरे से वंचित हैं। दूध उत्पादन में ग्रामीण महिलाओं की अहम भूमिका रहती है। रोजाना दो लाख से भी अधिक गांवों से दूध एकत्रित करके डेयरियों में पहुंचाया जाता है। बड़े पैमाने पर ग्रामीण सीधे शहरी एवं कस्बाई ग्राहकों तक दूध बेचने का काम करते हैं। इसी दूध के बाजार में अमेरिका हस्तक्षेप के लिए लंबे समय से लालायित है, लेकिन उसकी दाल इस बार भी नहीं गल पाई। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दस हजार नई कृषि सहकारी समितियों को हरी झंडी दिखाई है। अगले पांच साल में इनकी संख्या दो लाख तक पहुंचाने की है। इन्हीं सहकारी संस्थाओं के जरिए कृषि और दुग्ध उत्पादों को भारत से लेकर एशिया और यूरोप तक बाजार में पहुंचाने की है। ऐसे में यदि अमेरिकी दुग्ध उत्पादों के लिए भारतीय बाजार खोल दिए जाते तो इन समितियों की मुश्किलें तो बढ़ती ही, दुग्ध उत्पादक आठ करोड़ लोगों की आजीविका पर भी संकट के बादल गहरा जाते।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

डॉ. रमेश ठाकुर




# विज्ञान-अनुसंधान में आधी आबादी का बढ़ता प्रभाव

आधी आबादी को समर्पित आज का दिन कई मायनों में खास है। विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके योगदान को मान्यता देने के लिए सालाना 11 फरवरी को 'विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों का अंतरराष्ट्रीय दिवस' मनाया जाता है। 22 दिसंबर 2015 को संयुक्त राष्ट्र की महासभा में घोषित इस दिवस का मुख्य उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणितज्ञ क्षेत्र में महिलाओं की समान भागीदारी को बढ़ाना और लैंगिक असमानता को दूर करना था। आज इस दिवस का 11वां संस्करण मनाया जा रहा है। इस साल की थीम 'अभी सर्वश्रेष्ठ आना बाकी है' पर केंद्रित है। विज्ञान क्षेत्र में महिलाओं के बढ़ते कदमों की बात करें, तो मंगल मिशन की सफलता से लेकर नासा और नोबेल पुरस्कार तक भारतीय महिलाएं विज्ञान क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं। विज्ञान के वैश्विक स्तर पर भी भारतीय महिलाओं की धूम है। ये सिलसिला अब इसलिए भी रुकने वाला नहीं? क्योंकि सामाजिक बेड़ियों को तोड़कर महिलाएं दिनोंदिन विज्ञान की दुनिया में अकल्पनीय कीर्तिमान स्थापित करती जा रही हैं। एकाध दशकों के भीतर विज्ञान क्षेत्र और उसके विषय में महिलाओं की भूमिकाएं अत्यंत महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी के तौर पर उभरी हैं। आधा आबादी ने भौतिकी, रसायन विज्ञान, चिकित्सा, और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में अपना क्रांतिकारी योगदान देकर अपने दम पर पुरुषों के साथ कदम ताल मिलाया है। मैरी क्यूरी से लेकर भारतीय अंतरिक्ष मिशनों तक, महिलाओं ने रूढ़िवादी परंपराओं को तोड़कर अपनी प्रतिभा सिद्ध की हैं। केंद्र सरकार ने 2024-25 में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय को 16,628 करोड़ रुपये आवंटित इसलिए किए थे, ताकि इस क्षेत्र में धन की कमी न आए। अब भारत में, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। वर्ष-2018-19 की विभिन्न शोध परियोजनाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी तकरीबन 28 से 30 फीसदी तक बढ़ीं। 2024-24 के आंकड़ों में और इजाफा हुआ है। गति अगर यूं ही बरकरार रही, तो साल 2047 में जब भारत पूर्ण रूप से विकसित होगा, तब विज्ञान क्षेत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी आधी हो जाएगी। महिलाओं के लिए भारत अब बदल चुका है, क्योंकि वैश्विक औसत के हिसाब से विज्ञान क्षेत्र में भारतीय महिलाएं की रुचि ज्यादा बढ़ी है। यही कारण है कि स्टेम शिक्षा में महिलाओं की हिस्सेदारी अब लगभग 43 प्रतिशत तक जा पहुंची है। केंद्रीय व राज्य सरकारों द्वारा भी महिला सशक्तिकरण के प्रयासों में इंटरशिप, छात्रवृत्तियां और अन्य 11 पीठों का गठन महिला शोधकर्ताओं को बढ़ाने मकसद से शुरू किया जा चुका है। केंद्र सरकार में इसका अलग से मंत्रालय भी बनाया गया है। मंत्रालय का नाम है 'विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान'। एक जमाना था, जब विज्ञान जैसे क्षेत्रों में गिनी चुनी महिलाओं की ही आमदगी होती थी। पर, अब इसरो के चंद्रयान और मंगलयान मिशनों की सफलता में भारतीय महिला वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान भी दिखने लगा है। आनंदीबाई जोशी पहली महिला डॉक्टर, असिमा चटर्जी पहली कैंसर और मिर्गी शोध, सुषमा घोष पहली चिकित्सा विज्ञान और जानकी अम्माल ने गन्ने की हाइब्रिड प्रजातियों के विकास में जो योगदान दिया, उसे कोई नहीं भूल सकता। वहीं, अन्ना मणि का सौर विकिरण और ओजोन परत के क्षेत्र में दिया उल्लेखनीय कार्य सदैव सराहनीय रहेगा। इन महिलाओं ने ये सफलताएं उस समय हासिल की थी, जब महिलाओं को घरों की चारदीवारी में कैद करके रखा जाता था। बाहर निकलने की आजादी तक नहीं होती थी। भारतीय महिला वैज्ञानिकों ने न केवल विज्ञान और चिकित्सा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान किया, बल्कि गणित, अंतरिक्ष और खगोल शास्त्र के क्षेत्र में भी शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। अंतरिक्ष की दुनिया में दमदार प्रदर्शन करने वाली इन महिलाओं के संबंध में युवा पीढ़ी को जानना चाहिए। वैश्विक पटल पर भी भारतीय महिलाओं ने अपने हुनर का लोहा अपनाया। कल्पना चावला भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला के बारे में छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हर कोई जानता है। कल्पना अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की पहली महिला थीं जिसने 376 घंटे 34 मिनट तक अंतरिक्ष में रहकर रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने धरती के 252 चक्कर लगाए थे। वहीं, सुनीता विलियम्स अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के जरिये अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी महिला हैं। सुनीता विलियम्स ने एक अंतरिक्ष यात्री के रूप में 195 दिनों तक अंतरिक्ष में रहने का विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। उनसे प्रेरणा लेकर भारतीय महिलाएं विज्ञान क्षेत्र में आ रही हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## सुख की चाह के लिए साधना ज़रूरी



संकलित
**दर्शन**

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।

## तुलसीदास ने की विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गई और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था- राम राम ! मै हत्यारा हूं, मुझे भिक्षा दीजिए। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितों ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिए। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिए? इस पर ब्राह्मणों ने कहा- यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गई थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा- हे नंदीश्वर! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिए। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### जान है तो जहान है

दुनिया भर की बकवास को छोड़कर सर्वप्रथम स्वास्थ्य क्षेत्र में सारा ध्यान केंद्रित किया जाना अनिवार्य है। धर्म, जाति, भाषाएं, राजनीतिक दल, संप्रदाय, देशभक्ति, देश-दुनिया तभी बचे रहेंगे जब तक लोग जीवित रहेंगे, सही सलामत रहेंगे, स्वस्थ रहेंगे। हमारे भारत में भी कौन जाने, कहां, कब, कैसे, किस क्षेत्र में क्या-क्या उन्नति-प्रगति हो रही है। देश की अर्थव्यवस्था विश्व में चौथे नंबर पर पहुंच चुकी है। ये सभी काल्पनिक और आदर्शवादी बातें उन सभी करोड़ों भारतीय नागरिकों की समझ से सर्वथा परे हैं, जो आज भी अपनी दैनिक और विशेषकर स्वास्थ्य संबंधी सैकड़ों समस्याओं से लगातार ही जूझते हुए कुछ चैन, सुकून, शांति व आराम की तलाश कर रहे हैं। स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

*- प्रथमेश कुलकर्णी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### जनता का भरोसा

महाराष्ट्र की जनता ने जिला परिषद चुनावों में महायुति के पक्ष में स्पष्ट निर्णय लेकर विकास तथा सुशासन की राजनीति को अपना समर्थन दिया है। इस जनविश्वास के लिए राज्य की जनता का हृदय से आभार। जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता का भरोसा ही इस जीत का आधार बना है।



-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### प्रधानमंत्री आवास योजना

प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से हज़ारों जरूरतमंद परिवारों को पक्का घर मिल रहा है, जो उनके सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन की मजबूत नींव है। मेरा निरंतर प्रयास है कि पंक्ति में सबसे आख़िरी खड़े व्यक्ति तक इस योजना का लाभ पहुँचे, ताकि कोई पात्र वंचित न रहे।



-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### पायलट को श्रद्धांजलि

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय राजेश पायलट की जयंती पर हम उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने वंचित और शोषित वर्गों की आवाज़ को मजबूती से उठाया, भारतीय वायुसेना में रहते हुए देश के प्रति अपनी निष्ठा व समर्पण का परिचय दिया।



- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

### घरेलू उत्पादन बढ़ाएं

भारत अपने तेल और गैस का 90 फीसदी आयात करता है। हम तीन तरफ से समुद्र से घिरे हैं। घरेलू उत्पादन बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। हम तेल और गैस के लिए विश्व का सबसे तेजी से बढ़ता बाजार हैं।



- अनिल अग्रवाल, उद्यमी

## करंट अफेयर

# केन्या में 20 लाख से अधिक लोग भुखमरी की चपेट में

केन्या के कुछ इलाकों में सूखे की वजह से 20 लाख से अधिक लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं और सबसे ज्यादा असर उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के पशुपालक समुदायों पर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य संगठनों ने यह जानकारी दी। केन्या के राष्ट्रीय सूखा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, देश के करीब 10 जिले इस समय सूखे से जूझ रहे हैं। सोमालिया से सटे केन्या के उत्तर-पूर्वी मंडेरा जिले में स्थिति चेतावनी स्तर पर पहुंच गई है।



इसका मतलब है कि पानी की गंभीर कमी के कारण पशुओं की मौत हो रही है और बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। जनवरी के अंत में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा था कि यही परेशानी सोमालिया, तंजानिया और यहां तक कि युगांडा तक फैल रही है, जहां लोग इसी तरह के मौसम और पानी की गंभीर कमी से जूझ रहे हैं। हाल के हफ्तों में सोमाली सीमा के पास सूखाग्रस्त इलाकों से झकझोर देने वाली तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें मवेशियों को बेहद कमजोर और कुपोषित हालत में देखा जा सकता है। यह इलाका जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहा है। हाल के वर्षों में कुछ क्षेत्रों में बारिश के मौसम की अवधि छोटी हो गई है, जिससे सूखे की स्थिति पैदा हो रही है।

## ऑफ बीट

# दो-तीन कप कॉफी पीने से डिमेंशिया का खतरा कम

वैज्ञानिकों ने पाया है कि दिन में दो से तीन कप कॉफी पीने से डिमेंशिया होने का खतरा काफी हद तक कम हो सकता है, लेकिन इससे अधिक मात्रा में कॉफी पीने से मस्तिष्क को कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिलता।



एक व्यापक अध्ययन में सीमित मात्रा में कैफीनयुक्त कॉफी या चाय पीने वालों में डिमेंशिया होने की संभावना कम पाई गई। अध्ययन के अनुसार, 75 वर्ष या उससे कम आयु के लोगों में इसका प्रभाव सबसे अधिक देखा गया। रोजाना करीब 250-300 मिलीग्राम कैफीन (लगभग दो से तीन कप कॉफी) लेने वालों में डिमेंशिया का जोखिम 35 प्रतिशत तक कम पाया गया। शोधकर्ताओं ने कहा कि इससे अधिक कैफीन लेने से कोई अतिरिक्त लाभ नहीं मिला। अध्ययन में शामिल महिलाओं ने बताया कि शुरुआत में वे प्रतिदिन औसतन साढ़े चार कप कॉफी या चाय पीती थीं, जबकि पुरुषों के लिए कॉफी की औसत खपत ढाई कप थी। अधिक कैफीन लेने वाले प्रतिभागी अपेक्षाकृत कम उम्र के थे, लेकिन वे शराब का अधिक सेवन करते थे, धूम्रपान करते थे और अधिक कैलोरी लेते थे, जो डिमेंशिया के जोखिम को बढ़ाने वाले कारक माने जाते हैं। शोध में यह भी पाया गया कि कैफीन रहित कॉफी पीने वालों में स्मृति क्षय तेज़ी से हुआ।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# बीसीसीआई ने दिखाए कड़े तेवर, वर्ल्ड कप अभियान के दौरान परिवार के साथ नहीं रहेंगे भारतीय खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए बीसीसीआई ने सख्त कदम उठाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई ने अपनी सख्त नीतियों पर कायम रहते हुए टी20 वर्ल्ड कप अभियान के दौरान खिलाड़ियों के परिवारों को उनके साथ रहने से रोक दिया है। बता दें, टी20 वर्ल्ड कप में इंडियन टीम ग्रुप स्टेज के तीन मुकाबले भारत में ही खेलने वाली है। बीसीसीआई के नियम के मुताबिक 45 दिनों से ज्यादा चलने वाली सीरीज या टूर्नामेंट के लिए परिवार के सदस्य खिलाड़ियों के साथ 14 दिनों तक रह सकते हैं, जबकि छोटे टूर के लिए यह लिमिट घटाकर सिर्फ सात दिन कर दी गई है।



## कर सकते हैं अलग से इंतजाम

रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय टीम मैनेजमेंट ने क्रिकेटरों के परिवारों को उनके साथ रहने की इजाजत देने के बारे में सफाई मांगी थी, लेकिन बोर्ड ने साफ कहा कि परिवार खिलाड़ियों के साथ नहीं रहेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है, "बोर्ड ने साफ कर दिया है कि परिवार खिलाड़ियों के साथ नहीं रहेंगे। हालांकि, अगर वे चाहें तो अलग से इंतजाम कर सकते हैं।" भारत टी20 वर्ल्ड कप के दौरान लीग फेज के तीन मैच घर पर और एक गेम कोलंबो में खेलेगा। यह मैच भारत पाकिस्तान के खिलाफ होगा।

## खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर पड़ सकता है असर

भारतीय टीम 2024 में न्यूजीलैंड से भारत में ही 0-3 से हारी थी और फिर ऑस्ट्रेलिया में 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में 1-3 से हार हुई थी। इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में भारत के खराब प्रदर्शन की स्थिति को देखते हुए ऐसा किया गया था। अधिकारियों का मानना था कि परिवारों के साथ होने से, खासकर विदेशी मैचों के दौरान, खिलाड़ियों का ध्यान भटक सकता है और उनके प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा, बीसीसीआई ने एक नियम बनाया है जिसके तहत सभी खिलाड़ियों को हर समय टीम के साथ यात्रा करनी होगी।

# पॉइंट्स टेबल में उतार-चढ़ाव, ग्रुप ए में टीम इंडिया का दबदबा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप की पॉइंट्स टेबल में उतार-चढ़ाव है। लगभग हर टीम ने कम से कम एक मैच खेला है। इंडिया से लेकर न्यूज़ीलैंड और इंग्लैंड तक, सभी टीमों ने अपने पहले मैच जीते हैं। इस बीच, नीदरलैंड्स और नेपाल उलटफेर करने के बहुत करीब थे लेकिन आखिर में हार गए। सभी 20 वर्ल्ड कप टीमों को पांच-पांच के चार ग्रुप में बांटा गया है।

हर ग्रुप की पॉइंट्स टेबल में टॉप दो टीमें सुपर 8 स्टेज के लिए क्वालीफाई करेंगी। इंडियन टीम ग्रुप ए में दबदबा बनाए हुए है, उसने अपने पहले मैच में यूएसए को 29 रन से हराया था। नीदरलैंड्स दूसरे और पाकिस्तान तीसरे स्थान पर है। नामीबिया और यूएसए को अभी जीतना बाकी है।




| | |
|---|---|
| इंडिया | - 2 पॉइंट्स |
| नीदरलैंड | - 2 पॉइंट्स |
| पाकिस्तान | - 2 पॉइंट्स |
| नामीबिया | - 0 पॉइंट्स |
| यूएसए | - 0 पॉइंट्स |

### ग्रुप बी में पहले स्थान पर जिम्बाब्वे

| | |
|---|---|
| जिम्बाब्वे | - 2 पॉइंट्स |
| श्रीलंका | - 2 पॉइंट्स |
| ऑस्ट्रेलिया | - 0 पॉइंट्स |
| आयरलैंड | - 0 पॉइंट्स |
| ओमान | - 0 पॉइंट्स |

### ग्रुप सी में मुश्किल में इंग्लैंड

| | |
|---|---|
| वेस्ट इंडीज | - 2 पॉइंट्स |
| स्कॉटलैंड | - 2 पॉइंट्स |
| इंग्लैंड | - 2 पॉइंट्स |
| नेपाल | - 0 पॉइंट्स |
| इटली | - 0 पॉइंट्स |

### ग्रुप डी में द. अफ्रीका सबसे मजबूत

| | |
|---|---|
| साउथ अफ्रीका | - 2 पॉइंट्स |
| न्यूज़ीलैंड | - 2 पॉइंट्स |
| यूएई | - 0 पॉइंट्स |
| अफ़गानिस्तान | - 0 पॉइंट्स |
| कनाडा | - 0 पॉइंट्स |

## यूएई को 10 विकेट से शिकस्त देकर कीवी टीम ने दर्ज की लगातार दूसरी जीत

# ओपनर्स की रिकॉर्ड साझेदारी, न्यूजीलैंड ने यूएई को बिना विकेट गंवाए हराया

**174 का लक्ष्य 15 ओवर में पार किया**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टिम सिफर्ट (नाबाद 89) और फिन एलन (नाबाद 84) की आक्रामक पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 92 गेंद में 175 रन की रिकॉर्ड साझेदारी ने न्यूजीलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप मैच में 28 गेंद शेष रहते संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 10 विकेट से शिकस्त देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

यूएई को छह विकेट पर 173 रन पर रोकने के बाद न्यूजीलैंड ने महज 15.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 175 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड की यह लगातार दूसरी जीत है। टीम ने इससे पहले अफगानिस्तान को हराया था। 'प्लेयर ऑफ द मैच' सिफर्ट ने 42 गेंद की नाबाद पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाए।

### एलन में टी20 में पूरे किए 100 छक्के पूरे

एलन ने 50 गेंद की नाबाद पारी में पांच छक्के और इतने ही चौके लगाए, इसके साथ उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 छक्के पूरे किए। इस जोड़ी ने पारी की शुरुआत से ही आक्रामक रूख अपनाते हुए यूएई के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। दोनों की 175 रन की साझेदारी टी20 विश्व कप में किसी भी विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है।




### एलन ने दिखाए आक्रामक तेवर

लक्ष्य का पीछा करते हुए एलन ने मैच के दूसरे ओवर में मोहम्मद रोहिद के खिलाफ चौके से हाथ खोला तो वहीं सिफर्ट ने इस ओवर को लगातार दो चौके से खत्म किया। एलन ने जुनैद के खिलाफ दो छक्के लगाकर अपने आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने गेंदबाज के सिर के ऊपर से गेंद को बाउंड्री पर भेजने के बाद अच्छी गेंद को डीप फाइन लेग के ऊपर से छह रनों के लिए भेज दिया। सिफर्ट ने छठे ओवर में रोहिद के खिलाफ एक छक्का और तीन चौके जड़े, जिससे पावरप्ले में ही न्यूजीलैंड ने बिना किसी नुकसान के 78 रन बनाकर मैच पर पूरा नियंत्रण बना लिया।

### कप्तान वसीम ने खेली 66 रन की नाबाद पारी

कप्तान मोहम्मद वसीम (नाबाद 66) और अलीशाह शराफू (55) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने छह विकेट पर 173 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज वसीम में 45 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के मारे जबकि शराफू ने 47 गेंद में पांच चौके और दो छक्के जड़े। मयंक कुमार ने आखिरी ओवरों में 13 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 21 रन बनाकर टीम को इस प्रारुप के विश्व कप में अपने सबसे बड़े स्कोर तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने आखिर ओवर में दो विकेट लिए जबकि जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मिचेल सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स को एक-एक सफलता मिली।

## नीदरलैंड ने नामीबिया को 7 विकेट से हराया, डी लीडे की दमदार पारी



**नई दिल्ली।** अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में टी20 विश्व कप का ग्रुप ए का मुकाबला नामीबिया और नीदरलैंड के बीच मंगलवार को खेला गया। बास डे लीडे के बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर नीदरलैंड ने नामीबिया को 2 ओवर पहले ही 7 विकेट से हरा दिया। नीदरलैंड को जीत के लिए 157 रन का लक्ष्य मिला। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और मैक्स ओ दाउद के रूप में पहला झटका 16 के स्कोर पर लगा। वह 7 रन बनाकर आउट हुए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे बास डे लीडे ने बेहतरीन बल्लेबाजी की और 48 गेंद पर 4 छक्कों और 5 चौकों सहित नाबाद 72 रन की पारी खेल टीम को 12 गेंद पहले 7 विकेट से जीत दिला दी।

### लीडे के बल्ले से निकला विजयी चौका

डे लीडे ने दूसरे विकेट के लिए माइकल लेविट 28, के साथ 30 और तीसरे विकेट के लिए कोलिन एकरमैन 32 के साथ 68 रन की अहम साझेदारी की। इसके अलावा लीडे ने कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स नाबाद 18 के साथ 43 रन की साझेदारी की। नीदरलैंड ने 18 ओवर में 3 विकेट पर 159 रन बनाकर मैच जीता। विजयी चौका बास डे लीडे के बल्ले से निकला।




## फरहान के अर्धशतक व स्पिन गेंदबाजी से पाक ने अमेरिका को 32 रन से हराया

भाषा ▶▶| कोलंबो

- पाकिस्तान की दूसरी जीत
- बाबर ने 46 रन बनाए, उस्मान तारिक को 3 विकेट

पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (73 रन) के अर्धशतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन से मंगलवार को यहां अमेरिका को आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में 32 रन से शिकस्त दी। फरहान की 41 गेंद में 73 रन की पारी की बदौलत पाकिस्तान ने नौ विकेट पर 190 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। फिर उस्मान तारिक (27 रन देकर तीन विकेट), मोहम्मद नवाज (21 रन देकर एक विकेट), शादाब खान (26 रन देकर दो विकेट) और अबरार अहमद (30 रन देकर एक विकेट) की स्पिन चौकड़ी ने अमेरिका को 20 ओवर में आठ विकेट पर 158 रन ही बनाने दिए। यह इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान की लगातार दूसरी जीत थी जिससे अब टीम चार अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर है। अमेरिका के शुभम रंजने (51 रन, 30 गेंद) ने अर्धशतक जड़ा लेकिन यह टीम के काम नहीं आ सका। सलामी बल्लेबाज श्यान जहांगीर (34 गेंद में 49 रन) और एंड्रीस गौस (13 रन) ने अमेरिका को अच्छी शुरूआत दी। इससे पांचवें ओवर में टीम का स्कोर 42 रन था लेकिन स्पिनरों के आने से मैच का रुख बदल गया। नवाज की गेंद पर गौस डीप में सलमान आगा के हाथों कैच आउट हुए। पिछले टी20 विश्व कप में पाकिस्तान को हराने वाली अमेरिका की टीम ने पावरप्ले खत्म होने तक एक विकेट पर 50 रन बना लिए थे।

### आयरलैंड के खिलाफ मैच में नहीं खेलेंगे टिम डेविड

**कोलंबो।** टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया अपना पहला ग्रुप मैच आयरलैंड के खिलाफ बुधवार को खेलेगी। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श ने कहा है कि विस्फोटक बल्लेबाज टिम डेविड इस मैच का हिस्सा नहीं होंगे। डेविड हैमस्ट्रिंग इंजरी से रिकवरी कर रहे हैं। मार्श ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "वह पहले मैच का हिस्सा नहीं होंगे, लेकिन निश्चित रूप से अगले कुछ मैचों में वह टीम में दिखेंगे।" टिम डेविड बिग बैश लीग के दौरान बॉक्सिंग डे पर इंजर्ड हो गए थे।

## खबर संक्षेप

### मैदान पर संदेश पहुंचाने में क्रिकेट अन्य खेलों से पीछे



**मुंबई।** इंग्लैंड के सीनियर बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा कि मैदान पर खिलाड़ियों तक संदेश पहुंचाने के मामले में क्रिकेट अन्य खेलों की तुलना में अभी पीछे है। यह बयान उन्होंने उस घटना के बाद दिया, जब इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम को नेपाल के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबले के दौरान 'ड्रिंक्स ब्रेक' में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक से वॉकी-टॉकी के जरिए बात करते हुए देखा गया। अन्य खेलों में जैसे फॉर्मूला वन में रेस इंजीनियर रेडियो के जरिए रियल-टाइम में ड्राइवरों को रणनीति, इंजन सेटिंग, टायर प्रबंधन और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी देते हैं।

### विश्व कप में दर्शकों में 53 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** आईसीसी ने बताया कि 2026 टी20 विश्व कप के पहले छह मैच के बाद पिछले चरण की तुलना में उनके डिजिटल मंच पर वीडियो व्यूज में 53 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। बयान में विश्व संस्था ने कहा कि उनके डिजिटल प्लेटफॉर्म को कुल 647 मिलियन (64.7 करोड़) वीडियो व्यूज मिले। दर्शकों की इस भारी बढ़ोतरी में नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका जैसे देशों का बड़ा योगदान रहा, जिनकी राष्ट्रीय टीमें टूर्नामेंट में खेल रही हैं।

# रणजी ट्रॉफी : बंगाल 19वीं बार सेमीफाइनल में, आंध्र प्रदेश को पारी और 90 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| कल्याणी

रणजी ट्रॉफी 2025-26 के जारी सीजन में जहां तीन टीमें पहले ही क्वार्टरफाइनल जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच चुकी थीं, वहीं आखिरी मुकाबले में बंगाल ने नीतीश कुमार रेड्डी वाली आंध्र प्रदेश टीम को पारी और 90 रन से हराकर 19वीं बार रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

बंगाल की इस जीत में क्वार्टरफाइनल मुकाबले में सुदीप कुमार ने ऐतिहासिक पारी खेलते हुए 299 रन बनाए और सिर्फ एक रन से तिहरा शतक लगाने से चूक गए। इस जीत के साथ रणजी ट्रॉफी 2025-26 के सेमीफाइनल का पूरा लाइनअप भी तय हो गया है। बंगाल 15 फरवरी को होने वाले सेमीफाइनल में जम्मू कश्मीर से भिड़ेगा जबकि दूसरा सेमीफाइनल कर्नाटक और उत्तराखंड के बीच खेला जाएगा।

### शमी ने उड़ाए आंध्र प्रदेश के छक्के



मोहम्मद शमी ने बल्ले से ताबड़तोड़ अंदाज में खेलते हुए 33 गेंदों में 7 चौके और 3 छक्कों की मदद से 53 रन ठोक दिए। बंगाल ने पहली पारी में 629 रन बनाकर 334 रन की विशाल बढ़त हासिल कर ली। दूसरी पारी में आंध्र प्रदेश की टीम संभल नहीं सकी और 244 रन पर ढेर हो गई, जिससे उसे पारी और 60 रन से हार का सामना करना पड़ा। दूसरी पारी में बंगाल के लिए सबसे ज्यादा 4 विकेट शाहबाज अहमद ने झटके।

### आंध्रप्रदेश की टीम 295 रन पर सिमटी

पहले बल्लेबाजी करते हुए आंध्र प्रदेश के कप्तान रिकी भुई ने 83 रन बनाए, जबकि नीतीश कुमार रेड्डी सिर्फ 33 रन ही बना सके। पूरी टीम 295 रन पर सिमट गई। बंगाल की ओर से पहली पारी में मुकेश कुमार ने 5 विकेट हॉल लिया, मोहम्मद शमी ने 1 विकेट चटकाया और आकाश दीप ने 4 विकेट झटके।

### खिलाड़ियों के पास इतिहास रचने का मौका : सैमी

**मुंबई।** वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने 2016 में आईसीसी प्रतियोगिताओं के तीन खिताबों का हवाला देते हुए कहा कि वेस्टइंडीज क्रिकेटरों के सामने मौजूद चुनौतियां आज भी लगभग वही हैं, जो उस समय थी। वेस्टइंडीज ने पिछली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट का खिताब एक दशक पहले 2016 में जीता था। उस साल कोलकाता में तीन अप्रैल को उनकी पुरुष टीम ने टी20 विश्व कप का खिताब जीता था।

इसी साल उनकी महिला टीम भी इस प्रारूप की विश्व चैंपियन बनी थी जबकि इससे पहले अंडर-19 टीम ने विश्व कप फाइनल में भारत को हराया था। सैमी ने कहा, 2016 हमारे लिए बेहद खास साल था। सिर्फ सीनियर टीम के लिए ही नहीं, बल्कि महिला और अंडर-19 टीम के लिए भी। हालात आज भी शायद वैसे ही हैं।/" उन्होंने कहा, /"मुझे याद है 2016 में हमारे खिलाड़ियों को किस तरह के नामों से पुकारा गया था और हमें किन-किन संघर्षों से गुजरना पड़ा। हम आज भी 10 साल बाद उन्हीं चुनौतियों से जूझ रहे हैं।/" सैमी ने कहा कि इन बातों का असर मैदान पर प्रदर्शन पर नहीं पड़ने दिया जाएगा।

# रोहतक की तनीषा ओहलान का धमाका हरियाणा ने अरुणाचल को 312 रनों से रौंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वडोदरा के रेलवे ग्राउंड में खेले गए सीनियर वीमेंस वन डे ट्रॉफी एलीट मुकाबले में हरियाणा महिला टीम ने इतिहास रचते हुए अरुणाचल प्रदेश को 312 रन के विशाल अंतर से हरा दिया। मैच की हीरो रोहतक की तनीषा ओहलान रही। तनीषा ओहलान ने 130 गेंदों पर 27 चौको की मदद से 185 रनों की विस्फोटक पारी खेली। वही पूजा फोगाट ने चार विकेट लिए। पहले बल्लेबाजी करते हुए हरियाणा की शुरुआत बेहद आक्रामक रही और टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में मात्र 3 विकेट खोकर 425 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा कर दिया। तनीषा ओहलान मैच की हीरो रही। रोहतक की इस खिलाड़ी ने मैदान के चारों ओर चौकों की बरसात कर दी। तनीषा ने महज 130 गेंदों में 185 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 27 शानदार चौके शामिल थे। उनका स्ट्राइक रेट 142.31 का रहा। कप्तान तनिष्का शर्मा ने भी मोर्चे से नेतृत्व किया और 90 गेंदों पर 135 रन ठोक दिए। उनकी पारी में 23 चौके और एक छक्का शामिल था। अंत में भावना ने 36 गेंदों पर नाबाद 50 रन बनाकर टीम के स्कोर को 400 के पार पहुँचाने में अहम भूमिका निभाई।

### *अरुणाचल प्रदेश की पारीः ताश के पत्तों की तरह बिखरी टीम*

*426 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अरुणाचल प्रदेश की टीम हरियाणा की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी। पूरी टीम 50 ओवर खेलने के बावजूद 9 विकेट पर महज 113 रन ही बना सकी। हरियाणा की ओर से पूजा फोगाट ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट चटकाए। सुमन ने भी कसी हुई गेंदबाजी की और 2 विकेट अपने नाम किए। अरुणाचल की ओर से लोज़ेन अशफाक (26), अर्चेता पनवार (18) और कप्तान नबाम यापु (15) ने थोड़ा संघर्ष दिखाया, लेकिन वे हार का अंतर कम करने के लिए नाकाफी था।*

## एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप : भारत 39 स्वर्ण, 15 रजत और 12 कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर

# आकृति ने रजत, अंजुम ने जीता कांस्य, सोफिया ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की आकृति दहिया और अंजुम मौदगिल ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में कजाकिस्तान की सोफिया शुलझेंको ने कर्णी सिंह परिसर में नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

सोफिया ने 35 शॉट के फाइनल में 358.2 अंक हासिल किए, जो रजत पदक विजेता आकृति दहिया से चार अंक अधिक थे। विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंजुम मौदगिल ने 340.4 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। सोफिया के इस स्कोर के साथ तीन नए रिकॉर्ड विश्व जूनियर, एशियाई और एशियाई जूनियर कायम किए। टूर्नामेंट में भारत 39 स्वर्ण, 15 रजत और 12 कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष पर है।



### जूनियर वर्ग में अनुष्का ने जीता कांस्य पदक

जूनियर महिलाओं की 3पी स्पर्धा में भारत की प्राची गायकवाड़ ने 353.3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। 14 वर्षीय कजाकिस्तान की निशानेबाज टोमिरिस अमानोवा ने 351.4 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि भारत की अनुष्का ठाकुर ने 341.1 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। प्राची, अनुष्का और हेजल की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में 1748 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो कजाकिस्तान से सात अंक अधिक था। सीनियर महिला 3पी टीम स्पर्धा में कजाकिस्तान ने 1760 अंकों के साथ भारत को चार अंकों से पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया।

### आदर्श 291 अंक के साथ शीर्ष स्थान पर

पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में भारत के आदर्श सिंह ने प्रिसीजन चरण के बाद 291 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। अनीश भानवाला 287 अंकों के साथ फाइनल की दौड़ में बने हुए हैं, जबकि नीरज कुमार के नाम 277 अंक है। उन्हें फाइनल की दौड़ में शामिल होने के लिए बुधवार को बेहतर प्रदर्शन की जरुरत होगी।

### बेल्जियम के खिलाफ आज भारत करेगा अभियान की शुरुआत



**राउरकेला।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार से बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले एफआईएच प्रो लीग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होगी क्योंकि पिछली बार वह आठवें स्थान पर रही थी। भारत बुधवार को मजबूत बेल्जियम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके बाद गुरुवार को उसका अर्जेंटीना से मुकाबला होगा। भारतीय टीम शनिवार को एक बार फिर बेल्जियम का सामना करेगी और रविवार को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान का समापन करेगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के संतुलित मिश्रण वाली भारतीय टीम दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली दो टीमों के खिलाफ परिस्थितियों का लाभ उठाने की कोशिश करेगी।




**भारत-फ्रांस के द्विपक्षीय संबंध होंगे और मजबूत**

# फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों तीन दिवसीय भारत दौरे पर 17 को आएंगे

## मैक्रों पीएम मोदी के निमंत्रण पर भारत आ रहे हैं। इस दौरान दोनों नेता होराइजन 2047 रोडमैप में निर्धारित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 17-19 फरवरी को भारत की तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। इस दौरान वे एआई इंपैक्ट समिट में भाग लेंगे तथा पीएम नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर भी चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। मैक्रों पीएम मोदी के निमंत्रण पर भारत आ रहे हैं। इस दौरान दोनों नेता होराइजन 2047 रोडमैप में निर्धारित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा दोनों नेता हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग सहित पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे।

*हिंद प्रशांत क्षेत्र में सहयोग पर होगी चर्चा*

*क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बातचीत*

### भारतीय वायुसेना के लिए 114 राफेल विमानों की डील होने की संभावना


फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और पीएम मोदी फाइल फोटो

मैक्रों की यात्रा ऐसे वक्त में हो रही है जब भारत में वायुसेना के लिए 114 और राफेल विमानों की खरीद पर सहमति बनती हुई दिख रही है। इसलिए यह भी संभावना जताई जा रही है कि मोदी और मैक्रों के बीच इस मुद्दे पर भी शुरुआती बातचीत हो सकती है। राफेल बनाने वाली कंपनी भारत में राफेल विमानों के निर्माण के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमत बताई जाती है। भारत का रक्षा मंत्रालय इस सप्ताह फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने की एक बड़ी डील को मंजूरी दे सकता है। यह सौदा भारतीय वायुसेना के लिए किया जा रहा है, जिसकी कुल कीमत लगभग 3.25 लाख करोड़ रुपए बताई जा रही है। इस सौदे को पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी से भी मंजूरी लेनी होगी।

**नवाचार वर्ष का करेंगे उद्घाटन**

*दोनों नेता मुंबई में भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष का संयुक्त रूप से उद्घाटन भी करेंगे, जिसे 2026 में दोनों देशों में मनाया जा रहा है। बयान में कहा गया है कि मैक्रों 19 फरवरी को दिल्ली में आयोजित होने वाली एआई समिट में हिस्सा लेंगे। यह यात्रा पीएम मोदी की फरवरी 2025 में हुई फ्रांस यात्रा के बाद हो रही है।*

*विकास साझेदारी की पर जोर*

पीएम नरेंद्र मोदी ने मॉरीशस के पीएम डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम से टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान, दोनों नेताओं ने सितंबर 2025 में वाराणसी में अपनी पिछली मुलाकात के बाद से व्यापक द्विपक्षीय सहयोग में हुई प्रगति की समीक्षा की, जिसमें विकास साझेदारी, क्षमता निर्माण और जन-केंद्रित संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के मुताबिक, उन्होंने दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए भारत और मॉरीशस के बीच समृद्ध रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी साझी प्रतिबद्धता दोहराई।

## *पीएम मोदी ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. गुलाम से टेलीफोन पर की बात*

### भारत के समर्थन को दोहराया



पीएम मोदी ने विजन महासागर, भारत की पड़ोसी प्रथम नीति और ग्लोबल साउथ के प्रति साझा प्रतिबद्धता के अनुरूप मॉरीशस की विकास प्राथमिकताओं के लिए भारत के निरंतर समर्थन को दोहराया। दोनों नेताओं ने हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और स्थिरता के साझा उद्देश्यों को हासिल करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की। बातचीत के दौरान, पीएम मोदी ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री से कहा कि वह अगले सप्ताह एआई इंपैक्ट समिट के लिए दिल्ली में उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

**खबर संक्षेप**

### नेपाल में यात्रियों से भरी बस नदी में गिरी, 12 की मौत, आठ घायल

**काठमांडू।** नेपाल के मध्य हिस्से में मंगलवार को एक दुखद घटना घटी। यहां यात्रियों से भरी एक बस सड़क से फिसलकर सीधे नदी में जा गिरी। स्थानीय मीडिया ने जानकारी दी है कि इस हादसे में 12 लोगों की जान चली गई है। इसके अलावा, आठ अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भर्ती कराया है। यह घटना मंगलवार सुबह करीब 11 बजे हुई। बस नेपाल की राजधानी काठमांडू से ओखलढुंगा की तरफ जा रही थी। जब बस बागमती प्रांत के रामेछाप म्युनिसिपैलिटी (नगरपालिका) इलाके में पहुंची, तो वह अचानक बेकाबू हो गई।

### जयपुर में जापान से आए दो टूरिस्ट लापता

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर में जापान से घूमने आए दो टूरिस्ट लापता हो गए। मामले को लेकर टैक्सी ड्राइवर की ओर से अशोक नगर थाने में शिकायत दी गई है पुलिस अब दोनों टूरिस्टों की तलाश में जुटी है। 6 फ़रवरी को जापान से दिल्ली पहुँचे दोनों टूरिस्ट को टैक्सी ड्राइवर ने दिल्ली से रिसीव किया और उसके बाद जयपुर लेकर आ गया। जयपुर आने के बाद रेस्टोरेंट में खाना खाने की कहकर दोनों निकले और वापस नहीं लौटे।



## अमेरिकी टैरिफ में कटौती के बाद रूस से तेल खरीद पर भारत ने नहीं खोले अपने पत्ते

# अपनी ऊर्जा जरूरतों को विविध स्रोतों से पूरा करेगा भारत, विदेश मंत्रालय ने दिए संकेत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 3 फरवरी को भारत से आयात होने वाले सामानों पर टैरिफ को 25% से घटाकर 18% करने की सहमति दी है। इसके अलावा, उन्होंने 6 फरवरी को रूसी तेल के निरंतर आयात को लेकर लगाए गए अतिरिक्त 25% टैरिफ को भी हटा दिया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी ने रूस से कच्चे तेल का आयात रोकने पर सहमति जताई है। यह कदम अमेरिका की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत वह रूस की तेल से होने वाली कमाई को पूरी तरह से सुखाना चाहता है ताकि यूक्रेन युद्ध के लिए उसकी फंडिंग रोकी जा सके।

हालांकि, इस मुद्दे पर अभी तक एक विरोधाभासी स्थिति बनी हुई है। जहां एक तरफ राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि पीएम मोदी रूसी तेल रोकने पर सहमत हो गए हैं, वहीं पीएम मोदी ने खुद इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इस संबंध में कहा कि इस पर जवाब विदेश मंत्रालय की ओर से आएगा। वहीं, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि वे शायद यह पूछे जाने के लिए उपयुक्त नहीं हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कूटनीतिक जवाब देते हुए कहा कि भारत की रणनीति 'बाजार की वस्तुनिष्ठ स्थितियों के आधार पर अपनी ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने' की है। इसका मतलब है कि भारत अपने हितों के अनुसार फैसला लेगा। वहीं, डेटा फर्म केप्लर का मानना है कि भारत निकट भविष्य में सस्ते रूसी ऊर्जा स्रोतों से पूरी तरह अलग नहीं होने वाला है।

## भारत अपने हितों के अनुसार फैसला लेता रहेगा


राष्ट्रपति ट्रंप व पीएम मोदी फाइल फोटो

### रूसी तेल की शिपमेंट में कमी आई

हालिया आंकड़ों में गिरावट साफ दिखाई दे रही है। कीव स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और यूएस एनर्जी इंफॉर्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में रूसी तेल की शिपमेंट में पिछले कुछ हफ्तों में कमी आई है। यह आंकड़ा अक्टूबर में 2 मिलियन बैरल प्रतिदिन से घटकर दिसंबर में 1.3 मिलियन बैरल प्रतिदिन रह गया है। यह गिरावट दर्शाती है कि अमेरिकी दबाव और प्रतिबंधों का असर व्यापारिक निर्णयों पर पड़ रहा है।

### भारत में अमेरिका के राजदूत की स्वागत पार्टी

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में अपने आवास पर एक स्वागत पार्टी रखी। इस पार्टी में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल भी शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि भारत में अमेरिकी दूतावास में सर्जियो गोर के वेलकम रिसेप्शन में शामिल होकर बहुत खुशी हुई। मुझे विश्वास है कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के साथ भारत-अमेरिका साझेदारी नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगी। इस रिसेप्शन में भारत के दोस्तों, डिप्लोमैटिक समुदाय के सदस्यों, बिजनेस लीडर्स और अमेरिकी साझेदार शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री एस जयशंकर और पीयूष गोयल के साथ 75 से ज्यादा अन्य राजदूत भी मौजूद थे।

### दोनों देशों के बीच अनगिनत संभावनाएं: सर्जियो गोर

सर्जियो गोर ने 'एक्स' पर लिखा कि भारत और अमेरिका के नए ट्रेड फ्रेमवर्क और गहरे होते रणनीतिक संबंधों के बीच, असली जादू इन व्यक्तिगत पलों में होता है, जहां भरोसा, विचार और साझा भविष्य आकार लेते हैं। भारत और अमेरिका के बीच अनगिनत संभावनाओं के लिए! व्हाइट हाउस भारत पर ध्यान दे रहा है। हमारे राष्ट्रपति भारत पर ध्यान दे रहे हैं, और प्रेसिडेंट ट्रंप और पीएम मोदी की दोस्ती की वजह से हम आखिरकार ट्रेड डील कर पाए।



### अमेरिकी बाजार में बढ़ेगी भारत की पहुंच

भारत और अमेरबीच हुए नए द्विपक्षीय व्यापार समझौते के बाद भारत को अमेरिका के लगभग 30 ट्रिलियन डॉलर के विशाल बाजार में विशेष और आसान पहुंच मिली है। यह समझौता भारत की अर्थव्यवस्था, निर्यात और रोजगार के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस समझौते के बाद कई सेक्टर में टैक्स को घटाकर लगभग 18 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं कुछ उत्पाद ऐसे भी हैं जिन पर अमेरिका ने पूरी तरह टैक्स खत्म कर दिया है। अब भारतीय सामान अमेरिका में पहले से सस्ता होगा और उसकी मांग बढ़ सकती है। भारत का अमेरिका को निर्यात पहले से ही मजबूत रहा है। वर्ष 2024 में भारत का अमेरिका को कुल निर्यात लगभग 86.35 बिलियन डॉलर रहा। अब इस नए समझौते के बाद भारतीय कंपनियों को अमेरिका में और ज्यादा व्यापार करने का मौका मिलेगा। इससे भारत के कई बड़े और छोटे उद्योगों को फायदा होगा।

## बाथरूम में मिला एमबीबीएस छात्रा का शव, पास में मिली एसिड की बॉटल


छात्रों की भीड़। (इनसेट में) रोशनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी में एमबीबीएस छात्रा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। गांधी मेडिकल कॉलेज की छात्रा रोशनी का शव बाथरूम में मिला। पास ही एसिड की बोतल भी मिली है। रोशनी ने पिछले साल ही अक्टूबर में एमबीबीएस फर्स्ट ईयर में एडमिशन लिया था। जानकारी के मुताबिक रोशनी कुढे डे-स्कॉलर थी और कोहेफिजा थाना क्षेत्र में प्राइवेट हॉस्टल में रह रही थी। जब वह सुबह कॉलेज के लिए अपने कमरे से बाहर नहीं निकली, तो साथ पढ़ने वाले स्टूडेंट्स उसे बुलाने के लिए पहुंचे। छात्राओं के मुताबिक रोशनी को कई बार आवाज दी। उसे फोन कॉल किया, लेकिन रोशनी ने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद पीजी के गार्ड को सूचना दी। गार्ड पहुंचा तो पहले कमरे और फिर बाथरूम का दरवाजा तोड़ा गया।

### मोबाइल का डेटा निकाला जाएगा

पुलिस का कहना है कि बुधवार की सुबह उसका शव परिजनों को सौंपा जाएगा। फिलहाल परिजन काफी दुखी थी। इसलिए बयान नहीं लिया गया है। टीआई कोहेफिजा केजी शुक्ला कहना है कि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। कमरे की तलाशी भी ली गई है। वहीं कुछ लोगों के बयान भी लिए जाएंगे। हालांकि, छात्रों ने कहा कि वह काफी दिनों के परेशान थी। पिछले दिन टेस्ट में नंबर कम आए हुए थे। परिजनों ने पुलिस से मांग की है कि वो सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखना चाहते हैं। अगर वह परेशान थी या फिर कोई और परेशानी थी तो वह परिजनों को बता सकती है। टीआई का कहना है कि घटना स्थल से युवती का मोबाइल फोन मिला है। तकनीकी टीम को मोबाइल देकर डेटा निकाला जाएगा। सुसाइड से पहले युवती ने किसे फोन या फिर संपर्क किया है।

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से मौत का कारण पता लगेगा

गांधी मेडिकल कॉलेज की डीन कविता एन. सिंह ने बताया कि रोशनी के मोबाइल में परिजन को भेजे गए मैसेज से पता चला है कि वह पढ़ाई को लेकर तनाव में थी। मेहनत करने के बावजूद ठीक से समझ नहीं पा रही थी। माना जा रहा है कि वह पढ़ाई को लेकर ज्यादा टेंशन में थी। फिलहाल, रोशनी के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भोपाल के मॉचुर्री भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले की सूचना परिजनों को दे दी है। घटना को लेकर कोहेफिजा पुलिस जांच कर रही है।

## इजराइली पीएम नेतन्याहू के यूएस जाने पर जताया ऐतराज

# कूटनीति के लिए यह दौरा 'खतरनाक' : ईरान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने के लिए विशेष वीआईपी विमान 'विंग ऑफ जायन' से रवाना हुए। पीएम नेतन्याहू ने कहा कि ये मुलाकात काफी अहम है जिसमें वो अपनी सोच से ट्रंप को अवगत कराएंगे। वहीं, उनकी रवानगी की खबर पर ईरान ने नाराजगी जताते हुए कहा कि नेतन्याहू का ये दौरा कूटनीति के लिए बेहद खतरनाक है। नेतन्याहू ने कहा कि यूएस-ईरान को लेकर अपनी विचारधारा से राष्ट्रपति ट्रंप को रूबरू कराएंगे। ये सिद्धांत न सिर्फ इजराइल के लिए, बल्कि दुनिया भर के हर उस देश के लिए जरूरी हैं जो शांति और सुरक्षा चाहता है। दोनों नेता गाजा समेत विभिन्न विषयों पर बातचीत करेंगे।

### ईरान परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम में कटौती करेः इजराइल

*नेतन्याहू, राष्ट्रपति ट्रंप से करेंगे मुलाकात*

*'विंग ऑफ जायन' विमान से हुए रवाना*


डोनाल्ड ट्रंप, अयातुल्ला खामनेई, बेंजामिन नेतन्याहू

बता दें, इजराइल लंबे समय से ईरान से यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह बंद करने, मिसाइल कार्यक्रम में कटौती करने और क्षेत्र भर के आतंकवादी समूहों से संबंध तोड़ने की मांग करता रहा है। ईरान ने हमेशा इन मांगों को खारिज करते हुए कहा है कि वह प्रतिबंधों में ढील के बदले ही अपने परमाणु कार्यक्रम पर कुछ सीमाएं स्वीकार करेगा। नेतन्याहू बुधवार तक वाशिंगटन में रहेंगे।

**इजराइल शांति प्रक्रिया में बाधकः ईरान**

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकई ने कहा कि हमारी बातचीत करने वाली पार्टी अमेरिका है। यह अमेरिका पर है कि वह इस इलाके के लिए दबावों और नकारात्मक असर से अलग हटकर काम करे। यहूदी शासन ने बार-बार, एक तोड़फोड़ करने वाले के तौर पर, दिखाया है कि वह हमारे इलाके में शांति की ओर ले जाने वाली किसी भी कूटनीतिक प्रक्रिया का विरोध करता है।

**ईरान के अधिकारी वार्ता के लिए ओमान जाएंगे**

ओमान संभावित अमेरिकी हमले को रोकने के उद्देश्य से ईरानी परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता में मध्यस्थता कर रहा है। ईरान की संसद के पूर्व अध्यक्ष एवं देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के मौजूदा सचिव अली लारीजानी पिछले सप्ताह मस्कट में अमेरिकियों के साथ हुई अप्रत्यक्ष वार्ता के पहले दौर पर अपने देश की प्रतिक्रिया का संभवतः नेतृत्व करेंगे।

### अमेरिकी संसद में एच-1बी वीजा खत्म करने वाला बिल पेश

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी संसद में एच-1बी वीजा प्रोग्राम को पूरी तरह खत्म करने के लिए एक बिल लाया गया है। फ्लोरिडा से रिपब्लिकन सांसद ग्रेग स्ट्यूबे ने इसे स्थानीय समयानुसार सोमवार को पेश किया।इस बिल को 'एंडिंग एक्सप्लॉइटेटिव इम्पोर्टेड लेबर एग्जेम्प्शंस एक्ट' नाम दिया गया है। इसके जरिए इमिग्रेशन एंड नेशनलिटी एक्ट में संशोधन कर एच-1बी वीजा प्रोग्राम को 2027 तक समाप्त करने का प्रस्ताव रखा गया है। यह बिल ऐसे समय में लाया गया है, जब अमेरिका पहले से ही एच-1बी और एच-4 वीजा को लेकर जांच और सख्ती बढ़ा चुका है। अगर बिल पास हुआ तो इसका सबसे ज्यादा असर अमेरिका जाने वाले भारतीयों पर पड़ेगा।सांसद ग्रेग स्ट्यूबे ने एच-1बी वीजा का दुरुपयोग करने के आरोप लगाए हैं। उनके मुताबिक इससे अमेरिकी नागरिकों की नौकरियों को नुकसान पहुंचा है।

**ब्रिटेन जा पहुंची एप्स्टीन फाइल्स की आंच**

## पीएम स्टार्मर ने इस्तीफा देने से किया इनकार, कहा- मुझे 'जनादेश' मिला

एजेंसी ▶▶ लंदन

अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत रहे पीटर मैंडलसन और यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के संबंधों का खुलासा होने के बाद 19 महीने पुरानी ब्रिटिश सरकार के लिए एक गंभीर संकट पैदा होने के बीच पीएम केअर स्टार्मर ने कहा कि वह अपने पद पर बने रहेंगे। अमेरिका में ब्रिटिश राजदूत रहे पीटर मैंडलसन और अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के संबंधों का खुलासा होने के बाद ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर की कुर्सी पर खतरा मंडरा रहा है। वह लेबर पार्टी को मनाने की कोशिश कर रहे हैं कि वह महज डेढ़ साल के कार्यकाल के बाद उन्हें पद से न हटाए। मैंडलसन को इस उच्च पदस्थ राजनयिक पद पर नियुक्त करने के निर्णय को लेकर पीएम पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

### लेबर पार्टी ने मांगा इस्तीफा


पीएम कीर स्टार्मर

उनकी मध्य-वामपंथी लेबर पार्टी के कुछ सांसदों ने 2024 में पीटर मैंडलसन को राजनयिक नियुक्त करने के उनके फैसले के लिए उनसे इस्तीफा देने का आह्वान किया है। स्कॉटलैंड में लेबर पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता अनस सरवर ने भी पीएम स्टार्मर से इस्तीफा देने की मांग की है। सरवर ने कहा कि ध्यान भटकाने वाली चीजें बंद होनी चाहिए और डाउनिंग स्ट्रीट में नेतृत्व में बदलाव होना चाहिए। ब्रिटेन में डाउनिंग स्ट्रीट पर ही पीएम आवास है। स्टार्मर के चीफ ऑफ स्टाफ और उनके संचार निदेशक ने भी इस्तीफा दे दिया है।



### फिल्म 'घूसखोर पंडत' का बदलेगा नाम

**नई दिल्ली।** मनोज बाजपेयी अभिनीत फिल्म 'घूसखोर पंडत' के शीर्षक को लेकर उठे विवाद के बीच नेटफ्लिक्स इंडिया ने दिल्ली हाई कोर्ट को बताया है कि फिल्म का नाम बदला जाएगा। यह मामला फिल्म के आपत्तिजनक और मानहानिकारक शीर्षक को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया। नेटफ्लिक्स की ओर से बताया गया है कि चिंताओं को देखते हुए फिल्म का नाम बदलने का फैसला किया है। कोर्ट के आदेश में दर्ज किया गया कि घूसखोर पंडत की जगह अब ऐसा वैकल्पिक शीर्षक रखा जाएगा, जो फिल्म की कहानी और उद्देश्य को बेहतर तरीके से दर्शाएगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28